हरिभूमि

नर्मदापुरम भूमि फ्रंट पेज

भोपाल, गुरुवार 5 नवंबर 2026

नर्मदापुरम | इटारसी | पिपरिया | पचमढ़ी | सोहागपुर | सिवनी-मालवा | माखननगर | बनखेड़ी

04 शहर में बेलगाम यातायात व्यवस्था !



05 सरकारी वाहन के सामने बैठे रहे परिजन जमानत की अर्जी पर...



खबर संक्षेप

कलेक्टर ने की खाद वितरण की समीक्षा

नर्मदापुरम। कलेक्टर आशीष वशिष्ठ ने बुधवार को जिले में खरीफ फसल के लिए किसानों को किए जा रहे खाद वितरण की समीक्षा की। उन्होंने निर्देश दिए कि किसानों को डीएपी के विकल्प के रूप में एनपीके खाद के उठाव के लिए प्रोत्साहित किया जाए। साथ ही किसानों की आवश्यकता के अनुसार यूरिया का उठाव भी करवाया जाए। कलेक्टर ने कहा कि सहकारी समितियों के माध्यम से भी किसानों को निरंतर खाद की आपूर्ति की जाए, ताकि उन्हें खाद प्राप्त करने में किसी प्रकार की परेशानी न हो।

बाल विवाह रोकने कंट्रोल रूम स्थापित

नर्मदापुरम। महिला एवं बाल विकास संचालनालय भोपाल के निर्देशानुसार देवउठनी ग्यारस और अन्य विवाह मुहूर्तों पर बाल विवाह रोकने के लिए लाड़ो अभियान के तहत जिले में परियोजना स्तर और जिला स्तर पर कंट्रोल रूम स्थापित किए गए हैं। बाल विवाह की सूचना चाइल्ड हेल्पलाइन 1098, पुलिस सहायता 112, महिला हेल्पलाइन 181 और जिला स्तरीय कंट्रोल रूम प्रभारी प्रशासक प्रतिभा वाजपेयी - 07574-252251, 8319517190 पर दी जा सकती है।

शहर के राज ज्वेलर्स से सोने के आभूषण चोरी मामले में महिला पकड़ाई

200 से 450 ग्राम तक कैसे पहुंच गया चोरी का सोना? मामले में संशय बना

हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम

शहर के व्यस्त सराफा बाजार में दिनदहाड़े राज ज्वेलर्स से सोने के आभूषण चोरी होने का मामला अब नए सवाल खड़े कर रहा है। मुंह पर कपड़ा बांधकर गहने खरीदने पहुंची एक महिला द्वारा चोरी की वारदात को अंजाम देने का मामला सामने आया था। घटना के बाद दुकान संचालक ने कोतवाली थाने में करीब 200 ग्राम सोने के आभूषण चोरी होने की शिकायत दर्ज कराई थी। इसमें गले के हार और पेंडल चोरी होने की बात सामने आई थी। कान की बालियां दिखाने का घटनाक्रम भी चर्चा में रहा। लेकिन अब महिला की गिरफ्तारी के बाद चोरी हुए सोने की मात्रा 450 ग्राम और उसकी कीमत करीब 65 लाख रुपये बताए जाने की चर्चा ने पूरे मामले को सवालों के घेरे में ला दिया है। आखिर शुरुआती शिकायत में 200 ग्राम सोना चोरी होने की बात थी, तो बाद में यह आंकड़ा 450 ग्राम तक कैसे पहुंच गया? करीब 250 ग्राम सोने का यह अंतर किस आधार पर सामने आया?

शहर के राज ज्वेलर्स से सोने के आभूषण चोरी होने के मामले में अब नया मोड़ आया है। 200 ग्राम सोना अब 450 ग्राम कैसे हुआ।



65 लाख की कीमत का आधार भी हो स्पष्ट

चोरी के आभूषणों की कीमत करीब 65 लाख रुपये बताए जाने की चर्चा के बीच उनके वास्तविक वजन और मूल्यांकन को लेकर भी स्थिति स्पष्ट होना जरूरी है। आखिर किस आधार पर इतनी बड़ी राशि का आकलन किया गया? क्या आभूषणों के वजन, शुद्धता और कीमत से संबंधित दस्तावेजों का सत्यापन किया गया है?

पुलिस जांच से साफ होगी पूरी तस्वीर

दिनदहाड़े सराफा बाजार में हुई चोरी और महिला की गिरफ्तारी के बाद अब इस मामले में पुलिस की जांच महत्वपूर्ण हो गई है। पुलिस के सामने चोरी की वारदात के साथ-साथ सोने की मात्रा और कीमत को लेकर सामने आए अलग-अलग आंकड़ों को स्पष्ट करने की चुनौती भी है।

दावे और शिकायत में अंतर

इस पूरे मामले में सबसे अहम सवाल चोरी हुए सोने के वास्तविक वजन और उसकी कीमत को लेकर है। यदि चोरी हुए आभूषणों की मात्रा 450 ग्राम बताई जा रही है, तो इसका आधार क्या है? क्या व्यापारी के पास आभूषणों की खरीद से जुड़े बिल, स्टॉक रजिस्टर और अन्य दस्तावेज उपलब्ध हैं? क्या पुलिस ने शुरुआती शिकायत और बाद में सामने आए आंकड़ों का मिलान किया है? सवाल यह भी उठता है कि जब शुरुआत में 200 ग्राम सोने की चोरी दर्ज कराई गई थी, तो शेष 250 ग्राम सोने की जानकारी कब और किस आधार पर सामने आई? क्या प्रारंभिक शिकायत में कुछ आभूषणों का विवरण छूट गया था या जांच के दौरान कोई नई जानकारी सामने आई?

इनका कहना है...

मूल एफआईआर 450 ग्राम की दर्ज की गई है। व्यापारी ने 200 ग्राम बोला था लेकिन उन्हें इसकी जानकारी नहीं थी फिर उनके पुत्र ने पूरी जानकारी दी और इसके बाद 450 ग्राम की एफआईआर दर्ज की गई और जब सोना जब्ती के बाद तोला गया तो उसका वजन भी उतना ही निकला। उनके पास बिल आदि भी थे।

गौरव बुंदेला, थाना प्रभारी कोतवाली नर्मदापुरम

अवैध खनन पर अंकुश लगाने करें कार्रवाई, जुर्माना लगाएं

कलेक्टर ने खनिज अधिकारियों को दिए निर्देश



हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम

जिले में अवैध उत्खनन पर अंकुश लगाने कड़ी कार्रवाई की जाएगी इसके साथ ही जुर्माना भी लगेगा यह बात कलेक्टर ने कही। इस दौरान उन्होंने शासन द्वारा निर्धारित राजस्व वसूली के लक्ष्य के अनुरूप कार्य करते हुए शत-प्रतिशत लक्ष्य प्राप्त करने के निर्देश दिए। खनिज परिवहन में पारदर्शिता एवं निगरानी व्यवस्था को मजबूत बनाने के लिए खनिज परिवहन करने वाले वाहनों में आरएफ टैग लगाने की प्रक्रिया का शासन के निर्देशानुसार शत-प्रतिशत पालन सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि जिन वाहनों में आरएफ टैग नहीं लगे हैं, उनके विरुद्ध विभागीय दिशा-निर्देशों के अनुरूप कार्रवाई की जाए।

मोहासा में पत्थर मुरुम का अवैध परिवहन करते डंपर जब्त

शहर के समीपस्थ मुहासा सहित जिले में रेत एवं अन्य खनिजों के अवैध उत्खनन, परिवहन और भंडारण के विरुद्ध सख्त कार्रवाई निरंतर जारी है। इसी क्रम में खनिज विभाग के अमले द्वारा अलग-अलग स्थानों पर कार्रवाई करते हुए अवैध खनिज परिवहन में संलिप्त एक डंपर एवं एक पनडुब्बी को जप्त किया गया है। टीम ने मोहासा तहसील माखननगर में डंपर क्रमांक **MP**04**WA**9096 को पत्थर एवं मुरूम का अवैध परिवहन करते पाए जाने पर जप्त किया। इसी प्रकार ग्राम बाबरी, तहसील सिवनी मालवा में रेत का अवैध परिवहन करते पाए जाने पर एक पनडुब्बी जप्त कर पुलिस थाना सिवनी मालवा की अभिरक्षा में रखवाई गई।

स्टेशन पुनर्विकास को लेकर सांसद ने दिए अहम सुझाव

हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम

पश्चिम मध्य रेल के महाप्रबंधक के साथ भोपाल रेल मंडल क्षेत्र के सांसदों की बैठक बुधवार को हुई। केन्द्रीय राज्यमंत्री एवं सांसद बैतूल दुर्गा दास उईके की अध्यक्षता में सम्पन्न इस बैठक में यात्री सुविधाओं के विस्तार, नई रेल सेवाओं, ट्रेनों के ठहराव, स्टेशन पुनर्विकास, रेलमार्गों के निर्माण तथा रेल सुरक्षा एवं अधोसंरचना विकास से जुड़े विभिन्न विषयों पर विस्तृत चर्चा की गई। इस दौरान दुर्गा दास उईके, सांसद राजगढ़ रोडमल नागर, सांसद दर्शन सिंह चौधरी, सांसद राज्य सभा माया नारोलिया, सांसद सागर डॉ. लता वानखेड़े, सांसद ग्वालियर भारत सिंह कुशवाह, सांसद देवास महेन्द्र सिंह सोलंकी, सांसद राज्य सभा सागर रजनीश कुमार अग्रवाल, सांसद राज्य सभा अशोक सिंह एवं सांसद भोपाल आलोक शर्मा के प्रतिनिधि उपस्थित रहे। सांसद दर्शन सिंह चौधरी ने पवारखेड़ा स्टेशन के समीप निर्माणाधीन रेलवे ओवर ब्रिज का निर्माण कार्य को शीघ्र पूर्ण कराने एवं अन्य महत्वपूर्ण यात्री सुविधाओं के संबंध में सुझाव दिए।

भाजपा की भोपाल रैली में आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं और सांदीपनि स्कूल बसों के उपयोग पर विरोध

कांग्रेस जिलाध्यक्ष बोले शासकीय अमले का राजनैतिक कार्यक्रमों में हो रहा उपयोग

हरिभूमि न्यूज ⏭ इटारसी



भोपाल में भाजपा द्वारा आयोजित लोकतंत्र बचाओ, संविधान बचाओ रैली में नर्मदापुरम जिले से सांदीपनि स्कूल की बसों और आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं को भेजे जाने पर जिला कांग्रेस कमेटी ने विरोध जताया है।

जिला कांग्रेस अध्यक्ष शिवाकांत गुड्डन पांडेय ने आरोप लगाया कि भाजपा सरकार सरकारी संसाधनों और शासकीय अमले का राजनीतिक कार्यक्रमों में उपयोग कर रही है। उन्होंने कहा कि सांदीपनि स्कूल की बसें विद्यार्थियों की सुविधा के लिए हैं, जबकि आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं की जिम्मेदारी महिला एवं बाल विकास विभाग की योजनाओं का संचालन करना है। ऐसे में उनका राजनीतिक रैली में उपयोग करना उचित नहीं है।

पांडेय ने मांग की कि स्कूल बसों को भोपाल भेजने और आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं की रैली में उपस्थिति सुनिश्चित कराने के संबंध में दिए गए आदेशों की निष्पक्ष जांच कराई जाए। उन्होंने कहा कि सरकारी संसाधनों और कर्मचारियों का उपयोग केवल जनहित के कार्यों में होना चाहिए। जिला कांग्रेस कमेटी ने मामले में शासन-प्रशासन से जवाबदेही तय करने की मांग की है।

बालिका छात्रावासों में विधिक जागरुकता शिविर छात्राओं को बताए सुरक्षा और कानूनी अधिकार

हरिभूमि न्यूज ⏭ इटारसी



सुरक्षित बचपन अभियान के अंतर्गत बालिकाओं को उनके कानूनी अधिकारों, सुरक्षा एवं आत्मरक्षा के प्रति जागरूक करने के उद्देश्य से 3 एवं 4 नवंबर को इटारसी के बालिका छात्रावासों में विधिक जागरूकता शिविर आयोजित किए गए। मध्यप्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, जबलपुर एवं प्रधान जिला न्यायाधीश नर्मदापुरम के मार्गदर्शन तथा जिला न्यायाधीश एवं तहसील विधिक सेवा समिति इटारसी के अध्यक्ष आदित्य रावत के निर्देशन में आयोजित शिविरों में न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी प्राची कौरव ने वीरांगना रानी दुर्गावती कन्या छात्रावास तथा आयुषी गुप्ता ने जूनियर बालिका छात्रावास में छात्राओं को जागरूक किया। शिविर में छात्राओं को पॉक्सो अधिनियम, बाल विवाह प्रतिषेध कानून, गुड टच-बैड टच, साइबर अपराध एवं महिला सुरक्षा से जुड़े कानूनी प्रावधानों की जानकारी दी गई। साथ ही सोशल मीडिया के सुरक्षित उपयोग आदि की समझाइश दी।

गर्ल्स कॉलेज में युवा उत्सव, भाषण-वाद-विवाद और गायन प्रतियोगिताएं आयोजित

हरिभूमि न्यूज ⏭ इटारसी



शासकीय कन्या महाविद्यालय, इटारसी में महाविद्यालय स्तरीय युवा उत्सव के अंतर्गत भाषण, वाद-विवाद एवं एकल गायन प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। इस वर्ष प्रतियोगिताओं का मुख्य विषय 'आत्मनिर्भर भारत के निर्माण में भारतीय ज्ञान परंपरा की भूमिका' रहा।

कार्यक्रम का शुभारंभ प्राचार्य डॉ. आर.एस. मेहरा ने मां सरस्वती के पूजन एवं दीप प्रज्वलन के साथ किया। उन्होंने भारतीय ज्ञान परंपरा को देश की समृद्ध सांस्कृतिक एवं वैज्ञानिक विरासत बताते हुए छात्राओं को इससे प्रेरणा लेने के लिए प्रोत्साहित किया। आइक्यूएसी प्रभारी डॉ. हरप्रीत रंधावा ने कहा कि वेद, उपनिषद, आयुर्वेद और प्राचीन विज्ञान का ज्ञान आत्मनिर्भर भारत के निर्माण में महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकता है। डॉ. संजय आर्य एवं युवा उत्सव प्रभारी पूनम साहू ने भी छात्राओं को विभिन्न विधाओं में सहभागिता के लिए प्रेरित किया।

अमले ने खाद्य पदार्थों के नमूने लिए

नर्मदापुरम। दीपावली पर्व के दृष्टिगत जिले में खाद्य पदार्थों की गुणवत्ता एवं शुद्धता सुनिश्चित करने के लिए जिला प्रशासन एवं खाद्य सुरक्षा विभाग द्वारा खाद्य प्रतिष्ठानों, डेयरियों तथा मिठाई विनिर्माण केंद्रों का नियमित निरीक्षण किया जा रहा है। इसी क्रम में नर्मदापुरम एवं बनखेड़ी में अलग-अलग दलों द्वारा कार्रवाई करते हुए विभिन्न खाद्य पदार्थों के नमूने एकत्रित किए गए तथा अनियमितताएं पाए जाने पर आवश्यक कार्रवाई की गई। नर्मदापुरम में खाद्य सुरक्षा विभाग के दल ने ग्वालटोली स्थित यादव डेयरी एंड स्वीट से मलाई बर्फी एवं भैंस के दूध के नमूने लिए। अमर चौक स्थित महेश स्वीट्स एंड डेयरी के कारखाने से खाद्य वस्तुओं के नमूने एकत्रित किये गये।

सीवर पाइपलाइन व सड़क रिस्टोरेशन कार्य का प्रशासनिक अधिकारियों ने नगरपालिका टीम के साथ किया निरीक्षण

हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम

जिले में शहर के विकास और बुनियादी सुविधाओं को बेहतर बनाने के उद्देश्य से चल रहे सीवर पाइपलाइन प्रोजेक्ट के तहत किए जा रहे कार्यों की गुणवत्ता की जांच तेज हो गई है। कलेक्टर आशीष वशिष्ठ के निर्देशानुसार, जिला प्रशासन की विभिन्न टीमों ने शहर के अलग-अलग वार्डों में सीवर पाइपलाइन डालने के उपरांत रिस्टोर (सुधार) की गई सड़कों का सघन निरीक्षण किया।

इसी क्रम में, प्रशासनिक टीम ने वार्ड क्रमांक 01, 02 और 03 का दौरा किया। इस निरीक्षण दल में तहसीलदार सुनील शर्मा और सहायक आबकारी अधिकारी अभिलाष पाठक के साथ



नगरपालिका की इंजीनियर रीना गुप्ता, ऋषभ कश्यप,नागेंद्र सोलंकी भी विशेष रूप से उपस्थित रहीं। अधिकारियों ने मौके पर पहुंचकर सीवर लाइन डालने के बाद बनाई गई सड़कों की गुणवत्ता, मजबूती और वर्तमान स्थिति का बारीकी से जायजा लिया। इसके साथ ही, उन्होंने सड़क पर बनाए गए चैंबरों की स्थिति की भी विस्तृत जानकारी प्राप्त की और निर्माण कार्य में मानकों का पूरा पालन सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

मुख्य नगरपालिका अधिकारी वैभव देशमुख ने जानकारी देते हुए बताया कि कलेक्टर महोदय के मार्गदर्शन में जिला प्रशासन की अलग-अलग टीमें नगर के सभी वार्डों में नगरपालिका के दल के साथ लगातार निरीक्षण कर रही हैं। इसका मुख्य उद्देश्य यह सुनिश्चित करना है कि सीवर लाइन बिछाने के बाद सड़कों की मरम्मत और रिस्टोरेशन का कार्य उच्च गुणवत्ता के साथ समय पर पूरा हो, ताकि आम नागरिकों को किसी भी प्रकार की असुविधा का सामना न करना पड़े।

इटारसी के व्यापारिक भविष्य की नई पहचान बन रहा 'सिटी सेंटर', प्राइम लोकेशन पर आकार ले रहा आधुनिक कमर्शियल डेस्टिनेशन

शॉपिंग से लेकर कारोबार तक के लिए आकर्षक ठिकाना, नागरिकों में बढ़ रही उत्सुकता

हरिभूमि न्यूज ⏭ इटारसी

बिजनेस न्यूज



शहर के व्यावसायिक परिदृश्य में एक नया आकर्षण तेजी से अपनी जगह बना रहा है। इटारसी रेलवे स्टेशन के ठीक सामने गांधी नगर में विकसित हो रहा 'सिटी सेंटर' इन दिनों अपनी लोकेशन और आधुनिक कमर्शियल पहचान को लेकर चर्चा में है। शहर के सबसे महत्वपूर्ण आवागमन केंद्र के सामने आकार ले रहा यह व्यावसायिक परिसर इटारसी के बाजार को एक नया विस्तार और आधुनिक स्वरूप दे रहा है। सिटी सेंटर को लेकर आम लोगों में उत्सुकता के साथ-साथ व्यापारिक जगत में भी खास आकर्षण दिखाई दे रहा है।

सिटी सेंटर की सबसे बड़ी विशेषता इसकी प्राइम लोकेशन है। रेलवे स्टेशन के ठीक सामने, रेस्ट हाउस के समीप स्थित यह परिसर शहर के प्रमुख व्यावसायिक और आवागमन क्षेत्र में अपनी अलग पहचान रखता है। इटारसी एक महत्वपूर्ण रेलवे जंक्शन होने के कारण यहां प्रतिदिन बड़ी संख्या में यात्रियों का आवागमन होता है। इसके अलावा शहर और आसपास के क्षेत्रों से आने वाले लोगों की आवाजाही भी इस क्षेत्र को हमेशा सक्रिय बनाए रखती है। ऐसे महत्वपूर्ण स्थान पर स्थित सिटी सेंटर की व्यावसायिक उपयोगिता इसे खास बनाती है।

कारोबार के लिए प्रीमियम एड्रेस, लोकेशन सबसे बड़ी ताकत

आज के दौर में किसी भी व्यवसाय की सफलता में लोकेशन की अहम भूमिका होती है। ग्राहकों तक आसान पहुंच, प्रमुख मार्गों से जुड़ाव और प्रतिष्ठान की दृश्यता किसी भी कारोबार को अलग पहचान देती है। सिटी सेंटर इन सभी व्यावसायिक पहलुओं के लिहाज से महत्वपूर्ण स्थान पर स्थित है। रिटेल शोरूम, ब्रांडेड आउटलेट्स, विभिन्न प्रकार की दुकानें, व्यावसायिक कार्यालय और उपभोक्ता सेवाओं से जुड़े प्रतिष्ठानों के लिए यह एक आकर्षक कमर्शियल एड्रेस है। रेलवे स्टेशन के सामने होने से यहां स्थानीय ग्राहकों के साथ बाहर से आने वाले लोगों तक भी व्यवसाय की पहुंच बनाने का अवसर मिलता है।

बदलते इटारसी की बदलती व्यावसायिक तस्वीर

इटारसी का बाजार अब पारंपरिक व्यापारिक गतिविधियों से आगे बढ़कर आधुनिक व्यावसायिक जरूरतों के अनुरूप विस्तार कर रहा है। लोगों की खरीदारी की पसंद, जीवनशैली और सुविधाओं को लेकर अपेक्षाएं लगातार बदल रही हैं। शहर में ऐसे व्यावसायिक स्थलों की मांग बढ़ रही है, जहां अलग-अलग प्रकार के व्यवसाय एक ही परिसर में अपनी पहचान स्थापित कर सकें। सिटी सेंटर इसी बदलते व्यावसायिक परिवेश में एक नए कमर्शियल डेस्टिनेशन के रूप में उभर रहा है।

व्यापारियों और निवेशकों की नजरें इस प्राइम लोकेशन पर

किसी भी व्यावसायिक परिसर की पहचान केवल उसके निर्माण से नहीं, बल्कि उसकी लोकेशन और कारोबार के लिए उपलब्ध अवसरों से होती है। सिटी सेंटर की स्टेशन के सामने मौजूदगी इसे व्यापारियों और कारोबार से जुड़े लोगों के लिए विशेष आकर्षण प्रदान करती है। यहां शोरूम, रिटेल व्यवसाय, विभिन्न सेवाओं और व्यावसायिक प्रतिष्ठानों के लिए एक अलग पहचान स्थापित करने का अवसर है। प्रमुख आवागमन क्षेत्र में होने के कारण इस परिसर को लेकर व्यापारिक जगत की दिलचस्पी भी स्वाभाविक है।

शहरवासियों के लिए भी आकर्षण का नया केंद्र

सिटी सेंटर को लेकर केवल व्यापारिक जगत ही नहीं, बल्कि आम शहरवासियों में भी उत्सुकता बढ़ रही है। आधुनिक कमर्शियल स्पेस के रूप में विकसित हो रहा यह परिसर इटारसी के बाजार में एक नया विकल्प लेकर आ रहा है। शहर के मध्य और रेलवे स्टेशन के सामने इसकी मौजूदगी इसे आसानी से पहुंच योग्य स्थान बनाती है। खरीदारी, व्यवसाय और विभिन्न व्यावसायिक गतिविधियों के लिहाज से यह परिसर इटारसी की बदलती पहचान का हिस्सा बन रहा है।

इटारसी के कमर्शियल मैप पर दर्ज हो रहा नया नाम

रेलवे जंक्शन के रूप में देशभर में पहचान रखने वाले इटारसी की व्यावसायिक गतिविधियां भी लगातार विस्तार कर रही हैं। ऐसे समय में सिटी सेंटर का विकसित होना शहर के कमर्शियल परिदृश्य में महत्वपूर्ण कदम है। प्राइम लोकेशन, व्यावसायिक उपयोगिता और आधुनिक कमर्शियल पहचान के साथ यह परिसर इटारसी के बाजार में अपनी विशिष्ट जगह बना रहा है।

रेलवे स्टेशन के ठीक सामने स्थित सिटी सेंटर अब शहर के नए व्यावसायिक आकर्षण के रूप में चर्चा में है। एक ओर आम शहरवासियों की नजरें इस नए परिसर पर टिकी हैं, तो दूसरी ओर व्यापारी और कारोबारी भी इस प्राइम लोकेशन को खास दिलचस्पी से देख रहे हैं। निश्चित रूप से सिटी सेंटर इटारसी के बदलते व्यावसायिक स्वरूप और आधुनिक बाजार की नई पहचान को रेखांकित कर रहा है।

खबर संक्षेप



डॉ सागर पाटनकर बने एमडी डिग्रीधारक डॉक्टर

भौंरा। क्षेत्र के सुप्रसिद्ध समाजसेवी डॉक्टर पाटनकर परिवार से लगातार चौथे एमडी डिग्रीधारक डॉक्टर सागर पाटनकर बने। उन्होंने न केवल पाटनकर परिवार का बल्कि क्षेत्र का नाम भी रोशन किया। डॉ. सागर पाटनकर के परिवार के सुप्रसिद्ध चिकित्सक डॉक्टर बड़े पापा एमके पाटनकर, पापा समाजसेवी डॉक्टर संजय पाटनकर, डॉ अंजलि पाटनकर, श्रीखंडे एमडी डॉक्टर निन्नाद श्रीखंडे, एमएसएमसीएच डॉ अमृता पाटनकर, एमडी डॉक्टर आनंद पाटनकर, एमडी डॉ नूपुर पाटनकर, एमएस डॉक्टर सागर पाटनकर, एमडी डॉ आर्यन पाटनकर एमबीबीएस डिग्री धारक डॉक्टर के चिकित्सीय क्षेत्र में सफल रहने पर क्षेत्र को चिकित्सीय क्षेत्र में सही जानकारी और उचित इलाज जानकारी मिल जाती है, जिससे क्षेत्र की जनता को सहजता और सरलता होती है। उनके एमडी बनने पर दिनेश गोयल, कैलाश पाटनकर, राजेंद्र सिरोठिया, धनराज मालवीय, अशोक अग्रवाल, जय किशोर मिश्रा, राजेश नायक, संतोष नायक, राजेंद्र साहू, मोनू ठाकुर, प्रितपाल जुनेजा, विवेक ठाकुर आदि ने बधाई दी है।

जेएच कॉलेज के गेट पर गार्ड और युवक में मारपीट



बैतूल। पीएमश्री जेएच कॉलेज के मेन गेट पर सुरक्षा गार्ड और एक युवक के बीच जमकर मारपीट हो गई। इस घटना का वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से शेयर हो रहा है। करीब 21 और 43 सेकंड के दो वीडियो में पहले दोनों के बीच तीखी बहस और फिर हाथापाई होती साफ दिख रही है। एक नजारे में युवक गार्ड को जमीन पर पटकता दिख रहा है, तो वहीं जवाब में गार्ड भी युवक पर थप्पड़-घूंसे बरसाते नजर आ रहा है। पीड़ित युवक नितिन विश्वास का कहना है कि वह अपने एक दोस्त का मोबाइल देने कॉलेज आया था। मेन गेट पर पहुंचते ही सुरक्षा गार्ड ने उसके साथ गाली-गलौज और बदतमीजी शुरू कर दी। नितिन के मुताबिक, गार्ड उसकी बात सुनने को तैयार ही नहीं था और उसने अचानक मारपीट शुरू कर दी। इस पूरे वाकये के बाद पीड़ित युवक ने अजाक थाने में शिकायत दर्ज कराने की बात कही है। इधर कॉलेज की प्रिंसिपल डॉ. मीनाक्षी चौबे ने बताया कि बुधवार से कॉलेज में एमए-एमएससी जैसे स्नातकोत्तर (पीजी) की परीक्षाएं शुरू हुई हैं। इसके चलते सुरक्षा गार्डों को बाहरी और बिना काम के आने वाले लोगों को रोकने के कड़े निर्देश दिए गए थे। इसी दौरान जब गार्ड ने युवक को रोका, तो उसने उलझकर अभद्रता शुरू कर दी। गार्ड ने पूरे घटनाक्रम की लिखित शिकायत कॉलेज प्रबंधन को सौंप दी है। हालांकि कॉलेज प्रिंसिपल का कहना है कि अभी प्रबंधन की तरफ से पुलिस को कोई शिकायत नहीं भेजी गई है।

जिला सहकारी बैंक की समीक्षा बैठक आज

बैतूल। जिला सहकारी बैंक में आज 5 नवंबर को सुबह 10 बजे अपेक्स बैंक भोपाल के प्रशासक महेंद्र यादव की अध्यक्षता में समीक्षा बैठक आयोजित की जाएगी। बैठक में बैंक की कार्यप्रणाली, प्रशासनिक एवं तकनीकी व्यवस्था और विकास से जुड़े विषयों की समीक्षा की जाएगी। साथ ही किसानों के हितों को ध्यान में रखते हुए बैंक की योजनाओं और सेवाओं को बेहतर बनाने पर चर्चा होगी। बैठक में जिला सहकारी बैंक की मुख्य कार्यपालन अधिकारी परिधि अग्रवाल, विपणन अधिकारी सचिन गोलर, स्थापना अधीक्षक नीता निगम, सीबीएस प्रभारी नवल सूर्यवंशी, फील्ड कक्ष प्रभारी महेश सोनारे, स्टोर कक्ष प्रभारी सौरभ शर्मा, लेखा कक्ष प्रभारी सतीश आदि रहेंगे मौजूद।

ट्रांसपोर्ट नगर के अभाव में सड़क पर लोडिंग-अनलोडिंग

शहर में बेलगाम यातायात व्यवस्था!

त्योहारी सीजन के बावजूद नहीं बनाया रूट प्लान, भारी वाहनों की आवाजाही से लग रहा जाम

संजय द्विवेदी ▶▶ बैतूल

शहर की यातायात व्यवस्था दिनोंदिन बिगड़ती जा रही है। बाजार इलाके में चार पहिया समेत अन्य भारी वाहनों के आने -जाने से बार- बार जाम की स्थिति बन रही है। त्योहार के पहले यातायात पुलिस द्वारा कोई रूट प्लान नहीं बनाने से ऐसी स्थिति बन रही है। इससे आम लोगों को मुश्किलों का सामना करना पड़ रहा है। शहर के कोठी बाजार, गंज और सदर इलाके में यातायात की बड़ी समस्या है। इन व्यस्ततम क्षेत्रों में भारी वाहनों के आवागमन एवं फुटकर व्यापारियों के अतिक्रमण के कारण जाम की स्थिति बन रही है। इसके अलावा शहर की कुछ प्रमुख सडक़ों पर मरम्मत एवं निर्माण कार्य भी किया जा रहा है जिसके कारण भी जाम की सथित बनती है, और वाहनों को आने-जाने की पर्याप्त जगह नहीं मिल पाती है। यातायात नियमों के तहत शहर में सुबह दस बजे से रात आठ बजे तक भारी वाहनों के प्रवेश पर प्रतिबंध लगाया गया था, लेकिन इसका भी सही पालन नहीं हो रहा है। वाहन चालक बिना किसी रोक टोक के आवागमन कर रहे है। कई बार नागरिकों ने यातायात विभाग के अधिकारियों से इस संबंध में शिकायत भी की थी, लेकिन भारी वाहनों के आवागमन पर रोक नहीं लग सकी। भारी वाहनों के शहर में प्रवेश और भीड़ वाले क्षेत्रों में आवागमन से ट्रैफिक जाम की स्थिति बनती है। कभी-कभी हालात ऐसे बन जाते है कि गंज के टांगा चौक, दिल बहार चौक, कमानी गेट और कोठीबाजार के गांधी चौक, नगर पालिका चौक के पास वाहनों की लंबी कतारे लग जाती है।



त्यौहारों में बढ़ जाती है परेशानी

आगामी समय दीपावली जैसा बड़ा त्योहार है। ऐसे में जिला मुख्यालय पर वाहनों की आवाजाही बढ़ जाती है। ग्रामीण क्षेत्रों से भी बड़ी संख्या में लोग खरीदी करने शहर पहुंचते है। त्यौहारों के नजदीक व्यापारियों का सामना भी आता है। जिससे सडकों पर यातायात का दबाव बढ़ जाता है। ऐसे में शहर की यातायात व्यवस्था बेपटरी हो जाती है। आमजनों और वाहन चालकों को बार-बार जाम की स्थिति का सामना करना पड़ता है। खासकर कोठी बाजार या गंज क्षेत्र में यदि कोई बड़ा वाहन प्रवेश कर जाये तो यहां ट्रैफिक व्यवस्था पूरी तरह चरमरा जाती है।

इनका कहना है

दीपावली त्योहार के सीजन को देखते हुए शहर की व्यस्ततम सडक़ों पर नो-व्हीकल जोन घोषित किया जाएगा। साथ ही भारी वाहन अंदर न आए, इसके लिए भी नो एंट्री जोन घोषित किए जाएंगे। इसके अलावा दीपावली सीजन पर जो स?को पर अतिक्रमण कर दुकान लगाई जाती है, उन्हें पीछे सरकाने के लिए कहेंगे, तथा व्यस्ततम पॉइंट पर ट्रैफिक कर्मी तैनात किए जाएंगे।

सुनील अहिरवार, यातायात प्रभारी

ट्रांसपोर्ट नगर की जरूरत

शहर के बाहर ट्रांसपोर्ट नगर बनाए जाने के लिए ट्रांसपोर्ट एसोसिएशन पहले भी कई बार जिला प्रशासन को ज्ञापन सौंप चुका हैं, लेकिन जमीन के अभाव में आज तक ट्रांसपोर्ट नगर नहीं बन सका है। एसोसिएशन से जुड़े पदाधिकारियों का कहना था कि पिछले दस सालों से शहर के बाहर ट्रांसपोर्ट नगर बनाए जाने की मांग समय-समय पर उठती आ रही हैं, लेकिन आज तक प्रशासन ने इस ओर ध्यान नहीं दिया। जिसके कारण व्यापारियों का माल लेकर आने वाले भारी वाहन सीधे शहर में प्रवेश करते है। गोदामों के सामने वाहन खड़े कर लोडिंग-अनलोडिंग होती है। इससे सडक पर जगह कम बचती है और अन्य वाहनों को आने-जाने में परेशानियों का सामना करना पड़ता है। परिणाम बार-बार जाम की स्थिति बनती है। शहर का गंज इलाका सबसे व्यस्ततम क्षेत्रों में से एक है। यहां थोक व्यापारियों के प्रतिष्ठान और गोदाम है। जहां माल उतारा जाता है और यहीं से जिले के विभिन्न क्षेत्रों में माल वाहकों से डिलीवरी दी जाती है। ये वाहन गंज, मस्जिद चौक, दिलबहार चौक, शनि मंदिर, मैकेनिक चौक जैसी प्रमुख जगहों पर खड़े दिखाई देते हैं।

खास बात यह है कि ट्रक से भारी-भरकम सामानों का बंडल सडकों पर फेंका जाता है। जबकि दूसरी ओर ट्रकों से माल अनलोडिंग करते समय लोगों के ऊपर सामान गिरने का खतरा भी बना रहता है। गौरतलब है कि सामान को एक स्थान से दूसरे स्थान भेजने और दूसरे शहरों से सामान लाकर सामान मालिकों तक पहुंचाने का कार्य ट्रांसपोर्टिंग के जरिए होता है। इसमें हल्की वस्तुओं के अलावा कई बार भारी तथा बड़े-बड़े सामान भी आते है। जिसे सडक किनारे अनलोडिंग से ट्रैफिक व्यवस्था पर भी प्रभाव पड़ता है।

यातायात सुधारने सिर्फ बैठके .....

यातायात व्यवस्था को बेहतर बनाने के लिए बैठके होती है। इसमें निर्णय लिया जाता है कि भीड़ वाले क्षेत्रों में निर्धारित समय में भारी वाहनों के आवागमन पर रोक रहेगी। कई दिनों तक अमल भी होता है, लेकिन बाद में व्यवस्था धीरे-धीरे पुराने ढर्रे पर ही लौट जाती है। ट्रांसपोर्ट नगर न होने से प्रमुख मार्गों पर ही वाहन दुरुस्ती के गैराज भी हैं।

व्यापारियो की सडक़ पर पसरी रहती है दुकानें..

शहर के गंज इलाके में रेलवे स्टेशन की तरफ जाने वाले वन वे मार्ग पर भी जमकर भीड़ लगी रहती है। फुटकर व्यापारी भी रास्ते पर दुकान लगा लेते हैं। इसके कारण भी जाम की स्थिति बनती है। यातायात पुलिस को व्यापारियो को समझाइश देकर दुकान पीछे सरकवाना चाहिए, ताकि रास्ता जाम ना हो।

वर्धा जलाशय से गेहूं की सिंचाई के लिए पानी उपलब्ध कराने की मांग

किसानों ने जल संसाधन कार्यपालन अधिकारी की अनुपस्थिति में बाबू को सौंपा आवेदन



हरिभूमि न्यूज ▶▶ मुलताई

रबी सीजन में गेहूं की फसल की सिंचाई को लेकर क्षेत्र के किसानों ने वर्धा जलाशय से पानी उपलब्ध कराने की मांग उठाई है। इस संबंध में ग्राम सालईढाना एवं ग्राम कोंढर के किसानों और ग्रामीणों ने जल संसाधन विभाग के कार्यपालन यंत्री सीएल मरकाम की अनुपस्थिति में सिंचाई विभाग के बाबू को ज्ञापन सौंपकर सिंचाई के लिए जल उपलब्ध कराने की मांग की है। किसानों का कहना है कि उनके खेत वर्धा जलाशय के किनारे स्थित हैं। ऐसे में यदि उन्हें जलाशय से मोटर पंप के माध्यम से पानी लिफ्ट कर सिंचाई करने की अनुमति मिल जाती है, तो गेहूं की फसल की सिंचाई की समस्या का समाधान हो सकता है। किसानों द्वारा दिए गए आवेदन में उल्लेख किया गया है कि ग्राम सालईढाना, ग्राम पंचायत बोरगांव शेरगढ़ तथा ग्राम कोंढर के ग्रामीण विकासखंड प्रभातपट्टन एवं तहसील मुलताई के निवासी हैं। इन गांवों के अनेक किसानों की कृषि भूमि वर्धा जलाशय के आसपास स्थित है। किसानों को रबी सीजन में गेहूं की फसल की सिंचाई के लिए पानी की आवश्यकता है। इसके लिए उन्होंने जलाशय से स्वयं के मोटर पंपों के माध्यम से पानी लिफ्ट कर खेतों तक पहुंचाने की व्यवस्था उपलब्ध कराने का अनुरोध किया है। ग्रामीणों ने बताया कि अधिकारियों ने चर्चा में वर्धमान का पानी किसानों को उपलब्ध कराने का आश्वासन दिया है।

पत्रकार कल्याण परिषद बैतूल ने नवागत एसपी का किया स्वागत

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बैतूल

भारत के पत्रकारों का संगठन,पत्रकार कल्याण परिषद जिला इकाई बैतूल द्वारा बुधवार को नवागत पुलिस अधीक्षक अमित सक्सेना का पुष्पगुच्छ देकर स्वागत किया गया। परिषद के सदस्यों ने एसपी से क्षेत्र के गतिविधियों को लेकर भी चर्चा की। इस दौरान वरिष्ठ पत्रकार एवं पत्रकार कल्याण परिषद के जिलाध्यक्ष केपी अग्निहोत्री, हरिभूमि जिला ब्यूरो चीफ एवं संगठन के महासचिव संजय द्विवेदी, संभागीय प्रभारी वरिष्ठ पत्रकार राधेश्याम सिन्हा, संगठन उपाध्यक्ष डीआर लिल्लोरे सहित अन्य पत्रकार साथी मौजूद रहे।



ग्रामीणों ने आंगनवाड़ी व पंचायत भवन मरम्मत की जांच की मांग

नाली को रपटा दिखाकर कार्य करने के मामले में जनपद सीईओ ने एई को दिए जांच के निर्देश

हरिभूमि न्यूज ▶▶ आमला

जनपद आमला की ग्राम पंचायत कनोजिया के ग्रामीण ग्राम पंचायत की कार्यशैली से काफी नाराज है। ग्रामीण क्षेत्रो में आए विकास के नाम की राशि का बंदरबांट करने से ग्राम पंचायत के सचिव नही चूक रहे है। जहाँ एक और शासन की मंशा है कि जीरो टॉलरेंस पर काम होना चाहिए लेकिन ग्राम पंचायत स्तर पर धांधली रुकने का नाम नही ले रही है।ग्राम पंचायत में धरातल पर कार्य किया कुछ जाता है और कागज में कुछ दिखाया जाता है ग्राम पंचायत कनोजिया के ग्रामीण देवधर गंगारे कनोजिया पंचायत के कारनामो की पोल खोलते नजर आ रहे हैं। उन्होंने बताया कि नाली को रपटा और मरम्मत के नाम पर भी जमकर धांधली की गई है।जहाँ तहाँ थोडा काम कर लीपापोती करने का कार्य किया गया है।



आंगनवाड़ी व पंचायत भवन मरम्मत की भी जांच हो

ग्रामीण देवधर ने बताया कि इस वर्ष आंगनबाड़ी भवन व पंचायत भवन के मरम्मत कार्य के लिए 5 वा राज्य वित्त मद से1लाख 25 हजार रुपए दोनों के लिए इतनी राशि अलग-अलग स्वीकृत हुई है।जिसमे नाम मात्र का कार्य हुआ है और राशि का आहरण भी बकायदा एस्टीमेट के अनुसार कर लिया गया है। जबकि दीवारों पर साफ दिखाई देता है कि किस तरह की धांधली कर कार्य ग्राम पंचायत के द्वारा किए गए है।

निर्माण का हो नियमित निरीक्षण

ग्राम पंचायत में होने वाले निर्माण कार्य का नियमित निरीक्षण होना चाहिए। बिना मटेरियल उपयोग के पूर्व गुणवत्ता को देखा जाना चाहिए लेकिन अधिकतर ऐसा होता नही है निर्माण एजेंसी अपने मन मुताबिक कार्य कर पूर्ण कर लेते है और जितनी राशि खर्च होना चाहिए उससे भी कम राशि मे धांधली कर निर्माण कार्य पूर्ण कर लिया जाता हैं।

इनका कहना है

ऐई को जांच के निर्देश दिए है।

-पंकज दरोठिया, सीईओ, जनपद पंचायत आमला

जनरल स्टोर से पटाखे बेचने पर कार्रवाई रिहंत स्टोर सील



बैतूल। पटाखों के अवैध विक्रय और सुरक्षा नियमों के उल्लंघन पर प्रशासन ने सख्ती शुरू की है। खेड़ीसावलीगढ़ में प्रशासनिक अधिकारियों ने औचक निरीक्षण किया। अरिहंत जनरल स्टोर पर पटाखों की बिक्री मिली। अधिकारियों ने पटाखे जब्त किए। दुकान सील कर दी। कलेक्टर डॉ. सौरभ संजय सोनवणे के निर्देशानुसार जिले में पटाखों के अवैध विक्रय एवं सुरक्षा मानकों के पालन को लेकर प्रशासन द्वारा सतत निगरानी की जा रही है।

पत्रकारों की समस्याओं को लेकर पत्रकार कल्याण परिषद ने सीएम को सौंपा ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बैतूल

मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव के बैतूल दौरे के दौरान, भारत के पत्रकारों का संगठन, पत्रकार कल्याण परिषद जिला इकाई बैतूल द्वारा मध्यप्रदेश में पत्रकार सुरक्षा कानून शीघ्र लागू करने सहित पत्रकारों की कल्याणकारी मांगों के निराकरण संबंधी मांगो को लेकर ज्ञापन सौंपा। इसमें कहा कि राज्य में पत्रकार सुरक्षा कानून को तत्काल प्रभाव से लागू किया जाए, ताकि फील्ड में काम करने वाले पत्रकारों को निर्भीक होकर अपने कर्तव्यों का निर्वाहन करने हेतु सुरक्षित माहौल मिल सके। ज्ञापन में कहा कि सुरक्षा कानून लागू होने से पत्रकारों पर होने वाले झूठे मुकदमों तथा हमलों पर पूरी तरह रोक लग सके। ज्ञापन के माध्यम से मुख्यमंत्री से मांग की गई है कि प्रदेश के वयोवृद्ध और वरिष्ठ पत्रकारों को दी जाने वाली सम्मान निधि (पेंशन) की राशि में सम्मानजनक वृद्धि करते हुए इसकी जटिल पात्रता शर्तों को भी सरल बनाया जाए, ताकि जीवनभर समाज को आईना दिखाने वाले हमारे बुजुर्ग पत्रकार साथी सम्मान पूर्वक अपना जीवन यापन कर सकें। पत्रकारों और उनके आश्रित परिवारों के लिए प्रदेश स्तर पर एक कैशलेस और सर्वसुविधा युक्त स्वास्थ्य बीमा योजना लागू की जाए, जिससे किसी भी गंभीर बीमारी या आपात कालीन चिकित्सा के समय उन्हें तत्काल बेहतर इलाज मिल सके। पत्रकार कल्याण परिषद के बैतूल इकाई ने यह भी मांग रखी है कि राज्य के सभी जिलों और विकासखंडों में कार्यरत आवासहीन पत्रकारों को रियायती दरों पर भूमि या आवासीय भूखंड उपलब्ध कराने के लिए एक विशेष पत्रकार आवास योजना शुरू की जाए, जिससे उन्हें और उनके परिवार को अपना आशियाना मिल सके। पत्रकार कल्याण परिषद के जिलाध्यक्ष केपी अग्निहोत्री के नेतृत्व में सोपे ज्ञापन के दौरान परिषद के संभागीय प्रभारी वरिष्ठ पत्रकार राधेश्याम सिन्हा, महासचिव एवं हरिभूमि के ब्यूरोचीफ वरिष्ठ पत्रकार संजय द्विवेदी, डीआर लिललोरे,चंद्रशेखर यादव सहित अन्य सक्रिय सदस्यगण एवं पत्रकार साथी उपस्थित थे।



मिठाई, मावा और नमकीन के 39 नमूने लिए

खाद्य सुरक्षा विभाग की कार्रवाई शाहपुर में 150 किलो मिठाई जब्त



हरिभूमि न्यूज ▶▶ बैतूल

कार्यालय आयुक्त खाद्य सुरक्षा एवं नियंत्रक, खाद्य एवं औषधि प्रशासन मध्यप्रदेश, भोपाल से प्राप्त निर्देशों के तहत कलेक्टर डॉ. सौरभ संजय सोनवणे के निर्देशन में खाद्य एवं औषधि प्रशासन विभाग द्वारा जिले में खाद्य प्रतिष्ठानों की जांच एवं नमूना संकलन की कार्रवाई की गई। खाद्य सुरक्षा विभाग के जांच दलों ने आज तहसील शाहपुर में 5 मिठाई दुकानों का निरीक्षण कर मिठाई के 15 नमूने लिए।

जांच के दौरान एक प्रतिष्ठान से संदेह के आधार पर 150 किलोग्राम मिठाई जप्त की गई, जिसकी अनुमानित कीमत 37 हजार 500 रुपये है। इसी प्रकार तहसील आमला के ग्रामीण क्षेत्रों से मावा के 6 नमूने, चिचोली की 4 मिठाई दुकानों से मिठाई एवं नमकीन के 14 नमूने तथा गुदगांव चौपाटी से मिठाई एवं नमकीन के 4 नमूने लिए गए। इस प्रकार जिले में कुल 39 नमूने जांच के लिए संकलित किए गए। निरीक्षण के दौरान खाद्य कारोबारियों को राज्य शासन द्वारा एनालॉग डेयरी प्रोडक्ट्स को प्रतिबंधित किए जाने के संबंध में जानकारी दी गई। साथ ही प्रतिष्ठानों में स्वच्छता संबंधी नियमों का अनिवार्य रूप से पालन करने तथा खाद्य कारोबार से संबंधित आवश्यक दस्तावेजों का विधिवत संधारण करने के निर्देश दिए गए।

अधिकारियों की मॉनिटरिंग पर उठे सवाल सड़क मरम्मत के नाम पर सिर्फ खानापूर्ति



हरिभूमि न्यूज ▶▶ भैंसदेही

भैंसदेही-खेड़ी-गुदगांव-परतवाड़ा एमपीआरडीसी सडक़ की मरम्मत का कार्य शुरू तो हो गया है, लेकिन इस कार्य में ठेकेदार द्वारा खुलेआम लापरवाही बरती जा रही है और अधिकारी मौन साधे हुए हैं। स्थानीय लोगों का आरोप है कि खोमई से हनुमानढाना तक सिर्फ चुनिंदा गड्ढे भरे गए हैं, बड़े-बड़े गड्ढे जस के तस छोड़ दिए गए हैं। गड्ढों को मिलावटी और घटिया सामग्री से भरा जा रहा है। मौके पर इंजीनियर की मौजूदगी भी नहीं रहती। जिससे यह पूरा मरम्मत कार्य महज खानापूर्ति नजर आ रहा है। घटिया सामग्री से भरे गए गड्ढे भरने के तुरंत बाद ही बिखरकर सडक़ पर आ जाते हैं, जो वाहन चालकों के लिए परेशानी का कारण बन रहे हैं। इस सडक़ से गुजरने वाले खासकर दोपहिया वाहन चालकों को सबसे ज्यादा दिक्कत हो रही है। लोगों का कहना है कि मरम्मत के नाम पर लाखों रुपए की राशि को ठिकाने लगाया जा रहा है।

मरम्मत के नाम पर राशि को लगाया जा रहा ठिकाने

इस सडक़ पर जगह-जगह गड्ढे उभर आए हैं, जो वाहन चालकों और पैदल चलने वालों के लिए परेशानी का सबब बने हुए हैं। लोगों का आरोप है कि मरम्मत के नाम पर सिर्फ रस्म अदायगी हो रही है। गड्ढों को भर तो दिया जा रहा है, लेकिन कई गड्ढे छोडक़र काम किया गया है। गड्ढे भरने के लिए जो सामग्री डाली जा रही है, उस पर सिर्फ ऊपर से डामर का छिडक़ाव कर लेवल किया जा रहा है। जबकि इस सडक़ से प्रतिदिन सैकड़ों वाहन आते-जाते हैं।

मरम्मत कार्य पर वाहन चालकों ने उठाए सवाल

मरम्मत में बरती जा रही लापरवाही से वाहन चालकों में भारी नाराजगी है। वाहन चालकों का कहना है कि घटिया सामग्री से मरम्मत और लापरवाहीपूर्वक कार्य किए जाने से ये गड्ढे चंद दिनों में ही फिर से उभर जाएंगे। जिससे लोगों को फिर गड्ढायुक्त सडक़ पर ही आवागमन करना पड़ेगा। लोगों का आरोप है कि गड्ढे भरने के बाद उनकी ऊंचाई सडक़ से ऊपर रखी जा रही है, जिससे वाहन चलाते समय गड्ढों से वाहन उछल रहे हैं। खासकर दोपहिया वाहनों के दुर्घटनाग्रस्त होने की संभावना बढ़ गई है।

मीटिंग में हूं....

मैं अभी मीटिंग में हूं। बाद में बात करता हूं।

- राजकुमार नागले, एमपीआरडीसी विभाग, बैतूल

नई दिल्ली में विशिष्ट प्रतिभा सम्मान से सम्मानित हुए सुनील व्दिवेदी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बैतूल

जिले के वरिष्ठ पत्रकार, समाजसेवी सुनील श्यामानंद द्विवेदी को नई दिल्ली के इंदिरा गांधी इंडोर स्टेडियम में विशिष्ट प्रतिभा सम्मान से सम्मानित किया गया। उन्हें यह सम्मान सुप्रीम कोर्ट के चीफ जस्टिस रहे डीवाय चन्द्रचूर्ण ने दिया। इस मौके पर गायत्री परिवार के दलप्रमुख डा चिन्मय पंडया भी उपस्थित थे। अखिल विश्व गायत्री परिवार व्दारा मां भगवती देवी के शताब्दी वर्ष पर आयोजित इस तीन दिवसीय समारोह में, लोकसभा अध्यक्ष ओम विरला, गृहमंत्री अमित शाह, स्वास्थ्य मंत्री जेपी नडडा, ज्योतिरादित्य सिधिंया, पीयूष गोयल समेत कई केन्द्रीय मंत्री और 24 देशों के हजारों प्रतिनिधि उपस्थित थे।



सर्राफा व्यापारी पहुंचे एसपी के पास तुरंत तलब हुए कोतवाली टीआई

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बैतूल

शहर के सराफा व्यापारियों ने बुधवार की दोपहर नए एसपी अमित सक्सेना से मुलाकात कर पुष्प माला से उनका स्वागत किया। इस मौके पर सर्राफा व्यापारियों ने बाजार में फैली अव्यवस्था, ट्रैफिक की समस्या, अनियंत्रित पार्किंग की समस्या को दुरुस्त करने की बात रखी। एसपी ने बाजार व्यवस्था सुधारने का आश्वासन देने के साथ ही कोतवाली टीआई देवकरण डेहरिया को तुरंत तलब किया और बाजार की अवस्था को सुधारने के निर्देश दिए।



खबर संक्षेप

प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना से मिला आर्थिक संबल

सीहोर। प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना के अंतर्गत हितग्राही आशा कलमखेड़ा, स्वर्गीय कृष्णा के बैंक खाते में बीमा राशि सफलतापूर्वक जमा हो गई है। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ। सुधीर कुमार डेहरिया ने बताया कि यह योजना केवल बीमा तक सीमित नहीं है, बल्कि परिवार के कठिन समय में आर्थिक सुरक्षा एवं संबल प्रदान करने का एक महत्वपूर्ण माध्यम है। भारतीय स्टेट बैंक के माध्यम से संचालित इस योजना का लाभ पात्र हितग्राही के परिवार तक पहुँचना सामाजिक सुरक्षा की दिशा में एक सराहनीय पहल है। डॉ। डेहरिया ने कहा कि ऐसी योजनाओं के माध्यम से जरूरतमंद परिवारों को आर्थिक सहायता उपलब्ध कराना शासन की जनकल्याणकारी मंशा को साकार करता है। उन्होंने आमजन से अपील की कि वे प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना सहित अन्य सामाजिक सुरक्षा योजनाओं से जुड़कर अपने परिवार का भविष्य सुरक्षित करें।

बिगड़ती कानून-व्यवस्था के खिलाफ प्रदर्शन

सीहोर। मध्यप्रदेश में बिगड़ती कानून-व्यवस्था और देवास जिले में शराब माफिया द्वारा पुलिस अधिकारी खाते गांव के टीआई दिलीप पुरी की हत्या के विरोध में सीहोर जिला कांग्रेस कमेटी ने जोरदार प्रदर्शन किया। जिला कांग्रेस अध्यक्ष राजीव गुजराती के नेतृत्व में कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने स्थानीय कोतवाली चौराहे पर मानव श्रृंखला बनाकर प्रदेश सरकार के खिलाफ जमकर नारेबाजी की और माफिया राज समाप्त करने की मांग उठाई। प्रदर्शन के दौरान बड़ी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता कोतवाली चौराहे पर एकत्रित हुए। कार्यकर्ताओं ने एक-दूसरे का हाथ पकड़कर मानव श्रृंखला बनाई और प्रदेश में बिगड़ती कानून-व्यवस्था पर सवाल खड़े किए। कांग्रेस नेताओं ने आरोप लगाया कि प्रदेश में अपराधियों और माफियाओं के हौसले बुलंद हैं।

राष्ट्र प्रथम का भाव जागृत करना होगा, राष्ट्र के प्रति समर्पण जरूरी:नरेंद्र मिश्रा

हरिभूमि न्यूज ⏭ सोहागपुर





नगर में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की माधव बस्ती द्वारा मंगलवार तीन नवंबर 2026 को काली मंदिर परिसर से भव्य पथ संचलन का आयोजन किया गया। इसमें बड़ी संख्या में स्वयंसेवकों ने पूर्ण गणवेश में उत्साह एवं अनुशासन के साथ सहभागिता की।

पथ संचलन दौरान नागरिकों, व्यापारियों एवं महिला इकाई द्वारा जगह-जगह पुष्पवर्षा कर स्वयंसेवकों का भव्य स्वागत किया गया। मुख्य बाजार सहित सोहागपुर के विभिन्न चौराहों पर उत्साह और उमंग का माहौल देखने को मिला। महिलाओं, व्यापारियों एवं नगरवासियों ने पूरे उत्साह के साथ पथ संचलन का अभिनंदन किया। संचलध दौरान स्वयंसेवकों ने नगर के विभिन्न क्षेत्रों में पहुंच बनाई, जहां स्वयंसेवकों का अभिनंदन नागरिकों द्वारा किया गया। पथ संचलन के पूर्व रानी लक्ष्मीबाई मंच पर बौद्धिक कार्यक्रम किया गया। जिसमें जिला प्रचारक नरेंद्र मिश्रा ने उद्बोधन दिया।

राष्ट्र प्रथम भाव जगाएं-मिश्रा

जिला प्रचारक नरेंद्र मिश्रा अपने उद्बोधन में कहा कि भारतवासियों में राष्ट्र प्रथम का भाव जागृत करना होगा। हमारा व्यक्तिगत जीवन तभी सार्थक हो सकता है, जब समाज में राष्ट्र के प्रति समर्पण और सेवा का भाव जागृत हो। उन्होंने कहा कि राष्ट्र की उन्नति और समाज की मजबूती के लिए प्रत्येक व्यक्ति को अपने कर्तव्यों का निर्वहन करते हुए राष्ट्रहित को सर्वोपरि रखना चाहिए। पथ संचलन के माध्यम से स्वयंसेवकों ने अनुशासन, एकता, संगठन और राष्ट्रभक्ति का संदेश दिया। पूरे आयोजन में नगर में उत्साहपूर्ण वातावरण रहा।

25 आधार मशीनों से किया गया कार्य, जारी रहेंगे शिविर

नर्मदापुरम। कलेक्टर आशीष वशिष्ठ के निर्देशानुसार जिले के शासकीय एवं निजी विद्यालयों में अध्ययनरत विद्यार्थियों के अनिवार्य बायोमेट्रिक अपडेट के लिए विशेष अभियान प्रारंभ किया गया है। अभियान के तहत जिले के 13 विद्यालयों में 25 आधार मशीनों के माध्यम से शिविर आयोजित किए गए। इन शिविरों में बुधवार को कुल 1022 विद्यार्थियों का बायोमेट्रिक अपडेट दर्ज किया गया। इसी के साथ अब तक कुल 1710 अपडेट हो चुके हैं। अभियान का उद्देश्य जिले के सभी पात्र विद्यार्थियों का अनिवार्य बायोमेट्रिक अपडेट समयसीमा में पूर्ण कराना है। शिविरों के प्रभावी संचालन एवं सतत निगरानी के लिए डीपीसी डॉ. राजेश जायसवाल द्वारा शिक्षा विभाग के बीईओ, बीआरसी एवं जनशिक्षकों की विद्यालयवार ड्यूटी लगाई गई है।

घर में मिले वन्यजीव के सींग मामले में आरोपी पहुंचा जेल, परिजन बोले गलत हैं आरोप

सरकारी वाहन के सामने बैठे रहे परिजन जमानत की अर्जी पर सुनवाई आज होगी

वन्यजीव के सींग गत माह वन विभाग ने पकड़े थे। इस मामले में जब विभाग की टीम आरोपी को पिपरिया जेल ले जा रही थी तब परिजन वहन के सामने बैठ गए। परिजनों का कहना था कि अरोपी पर लगाए गए आरोप गलत हैं।

हरिभूमि न्यूज ⏭ सोहागपुर



सतपुड़ा टाइगर रिजर्व क्षेत्र से लगे ग्राम सारंगपुर में एक व्यक्ति के घर में वन्यजीव के सींग गत माह वन विभाग ने पकड़े थे। आरोपी को मंगलवार को न्यायालय में पेश किया गया। जहां से आरोपी को पिपरिया जेल भेजा गया है। आरोपी को जेल भेजने के पहले काफी ड्रामा हुआ, जब उसके परिजनों न्यायालय के बाहर पहुंचकर आरोप लगाया कि वन विभाग ने गलत कार्यवाही की है। परिजन देर तक उस वाहन के सामने बैठे रहे, जिससे आरोपी को पिपरिया जेल ले जाया जा रहा था। अधिवक्ताओं द्वारा समझाइश के बाद देर शाम परिजन वाहन के सामने से हटे।

यह है मामला

अक्टूबर के अंतिम सप्ताह में गोपाल वाडीवा सारंगपुर के निवास से वन्यजीव के सींग मिलने की जानकारी वन विभाग ने दी तथा आरोपी के खिलाफ वन्य जीव संरक्षण अधिनियम 1972 के अंतर्गत प्रकरण बनाया था। मंगलवार को गोपाल को न्यायालय में पेश किया गया, जहां से उसे पिपरिया जेल भेजा गया। लेकिन जब वनकर्मी गोपाल वाडीवा को पिपरिया ले जाने लगे, तो उसके परिजन वाहन के सामने बैठ गए। इस दौरान कांग्रेस के कुछ नेता भी पहुंचे। आरोपी के परिजनों व कांग्रेस नेताओं ने वन विभाग पर गलत कार्यवाही का आरोप लगाया।

आरोपी के परिजनों का कहना है कि किसी अर्जुन ने उनके घर में सींग फेंके थे। आरोपी के घर के आसपास के रहवासियों ने वन अधिकारियों को बयान दिए कि उन्होंने अर्जुन को गोपाल के घर में सींग फेंकते देखा। लेकिन अधिकारियों ने अर्जुन को नहीं पकड़ा और गोपाल वाडीवा को न्यायालय में पेशकर जेल भेज रहे हैं। देर शाम अधिवक्ताओं द्वारा समझाने के बाद लोग वाहन के सामने से हटे। इधर आरोपी के अधिवक्ता ने बताया कि आरोपी की जमानत की अर्जी पर गुरुवार को सुनवाई होगी।

होरियापीपर, रजौन और अजबगांव में संयुक्त कार्रवाई



हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम

जिले में रेत खनिज के अवैध उत्खनन एवं परिवहन के विरुद्ध जिला प्रशासन द्वारा लगातार कार्रवाई की जा रही है। इसी क्रम में खनिज विभाग एवं पुलिस की संयुक्त टीम ने विभिन्न क्षेत्रों में कार्रवाई करते हुए अवैध उत्खनन एवं परिवहन में संलिप्त 4 ट्रैक्टर-ट्रॉली तथा एक ट्रैक्टर लोडर जब्त किया।

कार्रवाई के दौरान तहसील इटारसी के ग्राम होरियापीपर में रेत का अवैध उत्खनन एवं परिवहन करते हुए दो ट्रैक्टर-ट्रॉली जब्त की गईं। जब्त वाहनों को पुलिस थाना इटारसी की अभिरक्षा में रखा गया है। इसी प्रकार तहसील माखननगर के ग्राम रजौन में रेत का अवैध परिवहन करते हुए एक ट्रैक्टर-ट्रॉली जब्त कर पुलिस थाना माखननगर की अभिरक्षा में रखी गई।

वहीं तहसील सोहागपुर के ग्राम अजबगांव में रेत का अवैध उत्खनन करते हुए एक ट्रैक्टर लोडर जब्त किया गया, जिसे पुलिस चौकी सेमरीहरचंद की अभिरक्षा में रखा गया है। उक्त कार्रवाई अनुविभागीय अधिकारी इटारसी नीलेश शर्मा एवं खनिज अधिकारी दिवेश मरकाम की उपस्थिति में पुलिस बल के सहयोग से की गई। जिले में खनिज के अवैध उत्खनन एवं परिवहन के विरुद्ध कार्रवाई निरंतर जारी रहेगी।

विधिक साक्षरता शिविर का किया गया आयोजन



हरिभूमि न्यूज ⏭ पिपरिया

मध्यप्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण जबलपुर के निर्देश अनुसार एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकरण नर्मदापुरम के मार्गदर्शन में बचपन बचाओ अभियान के अंतर्गत ग्राम पंचायत बीजनवाडा में स्थित एक निजी हायर सेकंडरी स्कूल में विधिक साक्षरता शिविर आयोजित किया गया।

उक्त शिविर में मुख्य अतिथि के रूप में निशा रघुवंशी न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी पिपरिया द्वारा पाक्सो एक्ट,गुड टच ,बेड टी के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई। तथा विधिक सहायता, मोबाइल फोन का सुरिक्षिततरीके से उपयोग करने एवं विधिक अधिकारों के बारे में जानकारी प्रदान की गई। किसी भी अप्रिय स्थिति के बारे में अपने शिक्षक शिक्षिकाओं और माता पिता को तत्काल प्रभाव से सूचित करने की सलाह दी गई। कार्यक्रम में शामिल हुए विद्यालय के प्राचार्य शिक्षक शिक्षिकाओं संचालक उपस्थित रहे। याद रहे न्यायालय के द्वारा लगातार जानकारी दी जा रही है।

बीएलओ सुपरवाइजर प्रशिक्षण संपन्न, 12 से 11 दिसंबर तक प्राप्त करेंगे दावे आपत्तियां

बिना अनुमति अवकाश पर नहीं जाएंगे बीएलओ

हरिभूमि न्यूज ⏭ माखननगर



भारत निर्वाचन आयोग द्वारा जारी पुनरीक्षण कार्यक्रम के अंतर्गत दिनांक 12 नवंबर 2026 से 11 दिसंबर 2026 तक बीएलओ द्वारा अपने मतदान केंद्र पर नवीन मतदाताओं के नाम जोड़े जाने विलोपित किए जाने और सुधार संशोधन कार्य हेतु दावे आपत्ति आवेदन प्राप्त किए जाएंगे एवं आयोग द्वारा निर्धारित तिथियां में विशेष शिखर का आयोजन किया जाएगा।

पुनरीक्षण पूर्व प्रकाशन कार्य के लिए तहसील माखन नगर के मतदान केंद्र एक से 145 तक बीएलओ एवं सुपरवाइजर का प्रकाशन कार्य का प्रशिक्षण जनपद सभा हॉल नगर में दो पारियों में आयोजित किया गया जिसमें तहसीलदार सुनीता साहनी ने बीएलओ एवं सुपरवाइजर को प्रकाशन कार्य समयावधि में करने के निर्देश दिए

प्रशिक्षण में बिना सूचना अनुपस्थित बीएलओ एवं सुपरवाइजर के विरुद्ध कार्यवाही की जाएगी पुनरीक्षण अवधि के दौरान विभाग प्रमुख निर्वाचन कार्यालय की अनुमति के अवकाश स्वीकृत नहीं करेंगे

प्रशिक्षण में राधा रमन चौधरी कानूनगो मास्टर ट्रेनर राजेश मालवीय रमन गोस्वामी समदर्शी सोनी द्वारा प्रकाशन कार्य के संबंध में आयोग के निर्धारित प्रारूप 1 से 16 तक समस्त प्रपत्रों के संबंध में विस्तृत जानकारी दी गई बीएलओ द्वारा किए प्रश्नों के समाधान भी किए गए बीएलओ एप पर आ रही समस्याओं के निराकरण के लिए रोहित कौशल निर्वाचन ऑपरेटर द्वारा बीएलओ को बीएलओ एप पर फॉर्म अपलोड, प्रोसेसिंग डीएसई, निराकरण इत्यादि कार्यों की समस्याओं का बैठक में ही निराकरण किया गया।

शासकीय विद्यालयों का 6 नवंबर से 11 तक अवकाश घोषित

पिपरिया। विकास खण्ड शिक्षा अधिकारी लाल रघुवंशी एवं शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय प्राचार्य अरविंद रघुवंशी ने बताया कि मध्यप्रदेश राज्य सरकार द्वारा संचालित सभी शासकीय विद्यालयों में 6 से दिनांक 11 नवंबर तक अवकाश घोषित होने की जानकारी दी गई है। पूर्व में जिन शासकीय विद्यालयों में बच्चों को साइकिल वितरण करना शेष रह गया था उन विद्यालय के सभी प्राचार्य शिक्षक शिक्षिकाओं को अवगत कराया गया है कि 5 नवंबर तक बच्चों की संख्या के अनुसार जो बच्चे साइकिल वितरण से रह गये है। उनके लिए तत्काल प्रभाव से शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय परिसर से साइकिल ले जाकर अवकाश घोषित के पूर्व वितरण किया जाएगा। तथा शिक्षा अधिकारी ने बताया कि शासकीय कार्यालयों का अवकाश घोषित नहीं किया गया है। अतः शासन के सभी शिक्षक शिक्षिकाओं को विद्यालय में प्राचार्य सहित अपनी-अपनी सहभागिता सुनिश्चित करें एवं अपनी-अपनी उपस्थिति दर्ज कराई जाएगी।

बचपन सुरक्षा अभियान के अंतर्गत विधिक साक्षरता शिविर



हरिभूमि न्यूज ⏭ सोहागपुर

शहर के पीएम श्री शासकीय कन्या शाला व नर्मदांचल पब्लिक स्कूल में मंगलवार को तथा विवेकानंद पब्लिक स्कूल में बुधवार को 'बचपन सुरक्षा अभियान' के तहत विधिक साक्षरता शिविर आयोजित किए गए। शिविर आयोजन मप्र राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण जबलपुर तथा प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश/अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण नर्मदापुरम् के निर्देशानुसार किया गया। जानकारी अनुसार प्रथम अपर जिला न्यायाधीश अतुल सक्सेना के मार्गदर्शन में किए गए शिविरों में न्यायिक मजिस्ट्रेटगण संगीता डाबर मौर्य, अपेक्षा यादव एवं तेजदीप सिंह साशन उपस्थित रहे। न्यायाधीशों ने बच्चों को पास्को एक्ट, बचपन सुरक्षा अभियान, बचपन बचाओ, बाल विवाह, साइबर क्राइम से होने वाली घटनाओं पर उद्बोधन दिया। अतिथियों ने छात्राओं को बेड टच-गुड टच की जानकारी दी व कहा कि आसपास या स्कूल या कोचिंग आते-जाते समय यदि कोई अपरिचित व्यक्ति आपको परेशान करता है या छेड़छाड़ करता है तो राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण नई दिल्ली द्वारा जारी मोबाइल नंबर 15100 एवं चाइल्ड लाइन का नंबर 1098 पर सूचना दें। बच्चों को मोबाइल के दुरुपयोग से बचने की सलाह देते हुए साइबर क्राइम के बारे में भी बताया गया। इस दौरान शिक्षक-शिक्षिकाएं, विद्यार्थी, न्यायालयीन कर्मचारी एवं अधिवक्ता उपस्थित थे।

नेहरू पार्क के जीर्णोद्धार के लिए कांग्रेस प्रवक्ता ने सौंपा ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर



सोमवार को जिला कांग्रेस प्रवक्ता पंकज शर्मा ने सीहोर नगरपालिका कार्यालय पहुंचकर ज्ञापन पार्क प्रभारी सुरेन्द्र कुशवाह को सौंपा। ज्ञापन के माध्यम से उन्होंने बस स्टैंड स्थित नेहरू पार्क की बदहाल स्थिति को शीघ्र ठीक किए जाने की मांग की। इस बारे में अधिक जानकारी देते हुए पंकज शर्मा ने बताया कि देश के पहले प्रधानमंत्री भारत रत्न पंडित जवाहरलाल नेहरू के नाम पर एक पार्क बना हुआ है, जो कि वर्तमान में बहुत ही जर्जर स्थिति में पहुंच गया है और यहां लगी पंडित नेहरू जी की मूर्ति भी जीर्ण-शीर्ण अवस्था में पहुंच गई है। यहां सुरक्षा के पर्याप्त इंतजाम ना होने से शाम के समय यहां असामाजिक तत्वों का जमावड़ा हो जाता है, जिससे यहां आने वाले यात्रियों को खतरा बना रहता है।

उन्होंने कहा कि चाचा नेहरू की जयंती में अब बहुत कम समय बचा है और इस पार्क में बहुत गंदगी पसरी हुई है तथा बड़ी-बड़ी घास उग रही है, जिसकी सफाई बाल दिवस से पहले कराया जाना अतिआवश्यक है, ताकि नेहरू जी की जयंती अच्छे से मनाई जा सके। पूर्व प्रधानमंत्री की मूर्ति के आसपास गंदगी पसरी होना दुर्भाग्यपूर्ण और निंदनीय है। पंकज शर्मा ने जिला प्रशासन और सीहोर नगरपालिका से इस पार्क का शीघ्र ही जीर्णोद्धार कराने तथा यहां पर लाइट, पानी की टंकी और स्थाई सुरक्षा गार्ड की व्यवस्था तथा नियमित साफ-सफाई कराने की मांग की है। उन्होंने चेतावनी दी है कि यदि तत्काल ऐसा नहीं किया गया तो कांग्रेस पार्टी उग्र आंदोलन करने पर विवश होगी।

शहीद भगत सिंह कालेज में युवा उत्सव का किया शुभारंभ



हरिभूमि न्यूज ⏭ पिपरिया

शहीद भगत सिंह कालेज परिसर में महाविद्यालय स्तरीय युवा उत्सव का शुभारंभ किया गया। सांस्कृतिक कार्यक्रम रचनात्मक कार्य प्रतियोगिता में विद्यार्थियों ने भाग लिया और अपनी प्रतिभा को निखारना प्रारंभ किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती पूजा अर्चना कर किया गया। कार्यक्रम में शामिल हुए प्राचार्य डॉ एस के मेहरा ने प्रेरणादायक उद्बोधन दिया। कार्यक्रम में शामिल हुए युवा उत्सव प्रभारी डॉ अनिता सेन किटी मौर्य के बारे में जानकारी प्रदान की गई। लगातार 3 दिवसीय कार्यक्रम के बारे में जानकारी प्रदान की गई। एकता नृत्य समुह नृत्य रंगोली सजाकर भाषण हिंदी साहित्य अंग्रेजीभाषण एकल वादन सहित अन्य सभी विभिन्न प्रतियोगिताएं आयोजित करने के लिए प्रेरित किया गया।

// आम सूचना //
आम नागरिको को सूचित किया जाता है कि नगर पालिका परिषद् इटारसी की दुकान पक्की/कच्ची प्लाट नं. जबाहर बाजार 69/14 जो कि नगर पालिका अभिलेख में किरायेदारी की दुकान श्री/ श्रीमती आयशाबी w/o मो. युनुस के नाम से दर्ज है उक्त दुकान की किरायेदारी अनुबंध किये जाने हेतु आवेदन प्रस्तुत किया गया है। अंतर्नियम 2016 के अनुसार दैनिक 02 समाचार पत्रों में प्रकाशन किये जाने में किसी प्रकार की दावा आपत्ति हो तो, सभी मय दस्तावेज के साथ कार्यालय नगर पालिका परिषद् इटारसी के कार्यालीन समय में 15 दिवस के अंदर अपनी लिखित आपत्ति प्रस्तुत कर सकते है। समयावधि होने के पश्चात किसी भी प्रकार की कोई आपत्ति मान्य नहीं की जावेगी।
मुख्य नगर पालिका अधिकारी
नगर पालिका परिषद् इटारसी

// आम सूचना //
आम नागरिको को सूचित किया जाता है कि नगर पालिका परिषद् इटारसी की दुकान पक्की/कच्ची प्लाट नं. जवाहर बाजार 69/14 जो कि नगर पालिका के नाम से दर्ज है अभिलेख में किरायेदारी की दुकान श्री मोहम्मद फारूक S/o गुलाम हुसैन के नाम से दर्ज है उक्त दुकान की किरायेदारी अनुबंध किये जाने हेतु आवेदन प्रस्तुत किया गया है। अंतर्नियम 2016 के अनुसार दैनिक 02 समाचार पत्रों में प्रकाशन किये जाने में किसी प्रकार की दावा आपत्ति हो तो, सभी मय दस्तावेज के साथ कार्यालय नगर पालिका परिषद् इटारसी के कार्यालीन समय में 15 दिवस के अंदर अपनी लिखित आपत्ति प्रस्तुत कर सकते है। समयावधि होने के पश्चात किसी भी प्रकार की कोई आपत्ति मान्य नहीं की जावेगी।
मुख्य नगर पालिका अधिकारी
नगर पालिका परिषद् इटारसी

// आम सूचना //
आम नागरिको को सूचित किया जाता है कि नगर पालिका परिषद् इटारसी की दुकान पक्की/कच्ची प्लाट नं. 66x14 कच्ची दुकान सुभाषगंज जो कि नगर पालिका अभिलेख में किरायेदारी की दुकान श्री राजेन्द्र कुमार S/o मानकचंद जैन के नाम से दर्ज है जो किरायेदारी नाम परिवर्तन श्री प्रशांत कुमार जैन S/o सुभाषचंद जैन के नाम किरायेदारी में नाम परिवर्तन कराना चाहते है उक्त दुकान की किरायेदारी नाम परिवर्तन कराये जाने में किसी को आपत्ति है तो सभी मय दस्तावेज के साथ कार्यालय नगर पालिका परिषद् इटारसी के कार्यालीन समय में 15 दिवस के अंदर अपनी लिखित आपत्ति प्रस्तुत कर सकते है। समयावधि होने के पश्चात किसी भी प्रकार की कोई आपत्ति मान्य नहीं की जावेगी।
मुख्य नगर पालिका अधिकारी
नगर पालिका परिषद् इटारसी

दीपावली से पहले खरगोन, बड़वाह एवं भीकनगांव तहसील में जांच अभियान

खाद्य सुरक्षा और राजस्व विभाग की कार्रवाई प्रतिष्ठानों से मिठाई, नमकीन के नमूने लिए

◆ प्रयोगशाला जांच रिपोर्ट के आधार पर संबंधित प्रतिष्ठानों पर होगी कार्रवाई

हरिभूमि न्यूज ⏭ खरगोन



दीपावली पर्व को दृष्टिगत रखते हुए जिले में खाद्य पदार्थों की गुणवत्ता सुनिश्चित करने एवं मिलावटखोरी पर अंकुश लगाने के लिए खाद्य सुरक्षा एवं राजस्व विभाग द्वारा संयुक्त कार्रवाई की जा रही है। कलेक्टर श्री गुरु प्रसाद के निर्देशानुसार एवं आयुक्त खाद्य सुरक्षा मध्य प्रदेश के आदेशानुसार जिले की विभिन्न तहसीलों में मिठाई एवं नमकीन निर्माता प्रतिष्ठानों का लगातार निरीक्षण कर खाद्य पदार्थों के नमूने जांच हेतु लिए जा रहे हैं। खरगोन में एसडीएम सत्येंद्र बैरवा एवं खाद्य सुरक्षा अधिकारी एच.एल. आवस्या द्वारा संयुक्त निरीक्षण किया गया। इस दौरान तिलक पार्क स्थित बल्लभ स्वीट्स से मावा एवं मलाई बर्फी, श्री कृष्णा टॉकीज के पास बालाजी मावा से मावा तथा बिस्टान रोड स्थित सेलिब्रेशन जोधपुर स्वीट्स से मावा एवं मलाई बर्फी के नमूने लिए गए। इसी प्रकार बिस्टान तहसील स्थित महाकाल लस्सी सेंटर से पनीर, बालाजी राजस्थान स्वीट्स एवं नमकीन से मलाई बर्फी एवं मावा तथा मां वैष्णवी नमकीन से मिठाई रोल एवं दूध के नमूने जांच हेतु संग्रहित किए गए। तहसील बड़वाह में एसडीएम सत्यनारायण दर्रो द्वारा गठित राजस्व दल के साथ खाद्य सुरक्षा अधिकारी ने संयुक्त निरीक्षण किया। कार्रवाई के दौरान जयंती स्वीट्स बड़वाह से मलाई बर्फी एवं मिल्क केक, मोदरी स्वीट्स से मावा बर्फी एवं मावा के नमूने लिए गए। इसके साथ ही मनभावन रेस्टोरेंट का निरीक्षण कर उपयोग में लाए जा रहे सोयाबीन तेल एवं बेसन के नमूने भी जांच हेतु लिए गए। तहसील भीकनगांव में एसडीएम श्री लोकेश चापरे द्वारा राजस्व विभाग एवं खाद्य सुरक्षा अधिकारी का संयुक्त दल गठित कर विभिन्न खाद्य प्रतिष्ठानों का निरीक्षण कराया गया। टीम द्वारा बस स्टैंड स्थित मां नर्मदा कोल्ड ड्रिंक एवं डेयरी से मावा एवं दूध मिश्री लड्डू, खंडवा रोड स्थित राम भरोसे होटल से मिल्क केक, मावा एवं नमकीन सेव तथा कृष्णा डेयरी से दूध के दो मिश्रित नमूने जांच हेतु लिए गए। अभिहित अधिकारी सचिन लौगरिया ने बताया कि जिले में खाद्य सुरक्षा जांच अभियान लगातार जारी रहेगा। निरीक्षण के दौरान लिए गए सभी नमूने जांच हेतु राज्य खाद्य परीक्षण प्रयोगशाला भोपाल भेजे गए हैं। प्रयोगशाला से जांच प्रतिवेदन प्राप्त होने के बाद संबंधित विक्रेताओं के विरुद्ध खाद्य सुरक्षा एवं मानक अधिनियम, 2006 के प्रावधानों के अंतर्गत आगामी वैधानिक कार्रवाई की जाएगी।

शासकीय कन्या महाविद्यालय मतदाता जागरूकता पर निबंध प्रतियोगिता

शुद्ध मतदाता सूची व मतदान के महत्व पर छात्राओं ने व्यक्त किए अपने विचार

इलेक्टोरल लिटरेसी क्लब के माध्यम से 7 नवंबर तक हो रही प्रतियोगिता



हरिभूमि न्यूज ⏭ खरगोन

शासकीय कन्या महाविद्यालय, खरगोन में इलेक्टोरल लिटरेसी क्लब के माध्यम से संस्था स्तर पर निबंध प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। 2 से 7 नवंबर तक आयोजित इस प्रतियोगिता में छात्राओं ने ह्लशुद्ध मतदाता सूची का महत्वह्व एवं ह्लमतदान का महत्वह्व विषय पर अपने विचार निबंध के माध्यम से प्रस्तुत किए। कार्यक्रम प्रभारी डॉ. मनीषा चौहान ने बताया कि प्रतियोगिता का मुख्य उद्देश्य छात्राओं को लोकतांत्रिक व्यवस्था में मतदान के महत्व, मतदाता सूची की शुद्धता तथा निर्वाचन प्रक्रिया में नागरिकों की सक्रिय भागीदारी के प्रति जागरूक करना है। प्रतियोगिता के माध्यम से छात्राओं को लोकतंत्र में अपनी भूमिका और जिम्मेदारियों को समझने का अवसर प्रदान किया गया।

शुद्ध मतदाता सूची निष्पक्ष निर्वाचन का आधार- महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. आर.के. यादव ने छात्राओं को संबोधित करते हुए कहा कि लोकतंत्र की मजबूती के लिए शुद्ध एवं अधिकतम मतदाता सूची का होना अत्यंत आवश्यक है। मतदाता सूची में सभी पात्र नागरिकों के नाम दर्ज होना तथा अपात्र एवं दोहराव वाली प्रविष्टियों को हटाना स्वतंत्र, निष्पक्ष और पारदर्शी निर्वाचन की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है।

मतदान अधिकार के साथ नागरिक जिम्मेदारी भी- प्रतियोगिता में छात्राओं ने अपने निबंधों के माध्यम से मतदान को लोकतंत्र का आधार बताते हुए प्रत्येक पात्र नागरिक से अपने मताधिकार का प्रयोग करने की अपील की। छात्राओं ने मतदान को केवल अधिकार ही नहीं, बल्कि महत्वपूर्ण नागरिक जिम्मेदारी बताते हुए लोकतांत्रिक व्यवस्था में सक्रिय सहभागिता का संदेश दिया। कार्यक्रम में महाविद्यालय का शैक्षणिक स्टाफ एवं छात्राएं उपस्थित रहीं।

कपास-तुअर के बीच उगाए पौधे

96 गांजा पौधे जब्त, वजन 49.740 किलो, कीमत 1 लाख रुपए होगी



हरिभूमि न्यूज ⏭ बुरहानपुर

नेपानगर में पुलिस ने एक खेत से गांजे के 96 पौधे जब्त किए हैं। ये पौधे कपास और तुअर की फसल के बीच लगाए गए थे। पुलिस के मुताबिक, पौधों का कुल वजन 49.740 किलो है। इनकी कीमत करीब 1 लाख रुपए आंकी गई है।

कार्रवाई के दौरान खेत मालिक मौके से फरार हो गया। नेपानगर थाना प्रभारी शहाबुद्दीन कुरैशी ने बताया कि मंगलवार रात मुखबिर से सूचना मिली थी कि ग्राम मांडवा के पटेल मोहल्ला निवासी प्रकाश पिता कुंवर सिंह बारेला ने अपने खेत में गांजे के पौधे लगा रखे हैं। सूचना मिलते ही पुलिस टीम ने खेत पर दबिश दी। तलाशी के दौरान कपास और तुअर की फसल के बीच गांजे के 96 पौधे मिले। इनकी लंबाई 4 से 7 फीट थी। सभी पौधे हरे-भरे और पत्तियों व कलियों वाले थे। पुलिस ने सभी पौधों को जब्त कर लिया है। थाना प्रभारी के अनुसार, आरोपी प्रकाश बारेला मौके से फरार हो गया। उसकी तलाश की जा रही है।

पुलिस टीम में ये रहे शामिल

कार्रवाई में उपनिरीक्षक चेतराम निकुम, सहायक उपनिरीक्षक प्रेमलाल पाल, प्रधान आरक्षक सुनील सकवार और दयाराम, आरक्षक लाल सिंह, महिला आरक्षक सेवंती सोलंकी और सैनिक विजय पाटिल सहित पुलिसकर्मी शामिल रहे।

सनावद में आंगनबाड़ी सहायिकाओं के 2 रिक्त पदों की अनंतिम चयन सूची जारी

खरगोन। महिला एवं बाल विकास परियोजना सनावद अंतर्गत रिक्त आंगनवाड़ी सहायिकाओं के पदों की पूर्ति के लिए अनंतिम चयन सूची प्रकाशित कर दी गई है। अनुविभागीय अधिकारी राजस्व बड़वाह की अध्यक्षता में आयोजित खंड स्तरीय चयन समिति की बैठक में परियोजना कार्यालय सनावद के अंतर्गत रिक्त 02 आंगनवाड़ी सहायिकाओं के पदों के लिए अनंतिम चयन सूची तैयार कर प्रकाशित की गई है।

इन केंद्रों के लिए जारी हुई चयन सूची- परियोजना सनावद अंतर्गत आंगनवाड़ी केंद्र मर्दाना क्रमांक-02 एवं भानबरड़ क्रमांक-02 में रिक्त आंगनवाड़ी सहायिकाओं के पदों के लिए अनंतिम चयन सूची जारी की गई है।

7 दिवस में दर्ज कर सकेंगी दावा-आपत्ति- प्रकाशित अनंतिम चयन सूची से असंतुष्ट आवेदिकाएं चयन पोर्टल के माध्यम से दावा-आपत्ति दर्ज कर सकती हैं। दावा-आपत्ति केवल संबंधित अभ्यर्थियों द्वारा ही प्रस्तुत की जा सकेगी। इसके लिए एमपी ऑनलाइन चयन पोर्टल पर ऑनलाइन आवेदन करना अनिवार्य होगा। अनंतिम चयन सूची के विरुद्ध दावा-आपत्ति सूची प्रकाशित होने की तिथि से 7 दिवस की समय-सीमा में ऑनलाइन प्रस्तुत की जा सकती है। निर्धारित समय-सीमा में प्राप्त दावा-आपत्तियों पर नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी।

विकास और अधोसंरचना को मजबूत बनाने से जुड़े महत्वपूर्ण प्रस्तावों पर चर्चा की

208 दुकानों का बनेगा आधुनिक शॉपिंग कॉम्प्लेक्स

हरिभूमि न्यूज ⏭ बुरहानपुर



नगर पालिक निगम में बुधवार को महापौर माधुरी अतुल पटेल की अध्यक्षता में मेयर इन काउंसिल की बैठक आयोजित की गई। बैठक में शहर के विकास, नागरिक सुविधाओं के विस्तार, बाजारों के सुव्यवस्थित विकास और अधोसंरचना को मजबूत बनाने से जुड़े महत्वपूर्ण प्रस्तावों पर चर्चा हुई। महापौर ने विकास कार्यों को समय-सीमा में पूर्ण कराने के निर्देश दिए। बैठक में गलमोहोर मार्केट के पुराने शॉपिंग कॉम्प्लेक्स और नगर निगम के पुराने भवन के स्थान पर आधुनिक शॉपिंग कॉम्प्लेक्स विकसित करने की योजना रखी गई। लगभग 589.29 लाख रुपये की लागत से प्रस्तावित इस रीडेवलपमेंट में भूतल एवं प्रथम तल पर कुल 208 दुकानों का निर्माण प्रस्तावित है।

योजना के अनुसार भूतल की दुकानों की अनुमानित निर्माण लागत 3.50 लाख रुपये तथा प्रथम तल की दुकानों की लागत 2.04 लाख रुपये निर्धारित की गई है। वर्तमान में 112 दुकान किरायेदारों में से 62 किरायेदारों ने निगम की शर्तों के पालन के साथ नवीन दुकान निर्माण के लिए सहमति दी है। इस प्रस्ताव को सक्षम स्वीकृति के लिए टकउ के समक्ष प्रस्तुत किया गया। इससे बाजार क्षेत्र को आधुनिक और सुव्यवस्थित स्वरूप मिलेगा।

12 वार्डों में सड़कों का सीमेंटीकरण- बैठक में वार्ड क्रमांक 01 से 12 तक आंतरिक सड़कों के सीमेंटीकरण का प्रस्ताव भी रखा गया। प्रत्येक वार्ड के लिए लगभग 50-50 लाख रुपये के जोन बनाकर निविदाएं आमंत्रित की गई थीं। द्वितीय आमंत्रण में ठेकेदार अमोल इंटरप्राइजेज की निविदा दर 8.99 प्रतिशत कम प्राप्त हुई। इसके अनुसार लगभग 45.50 लाख रुपये जीएसटी सहित की लागत से कार्य कराने का प्रस्ताव प्रस्तुत किया गया। कार्यों के पूर्ण होने से वार्डों की सड़कों की स्थिति सुधरेगी और आवागमन में सुविधा मिलेगी।

कुंडियों की सफाई और मरम्मत के निर्देश- महापौर ने शहर की कुंडियों के समुचित संधारण, नियमित साफ-सफाई, पंपिंग से पानी निकासी और क्षतिग्रस्त कुंडियों की मरम्मत के लिए आयुक्त को निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि पानी भरी कुंडियों से पंपिंग के माध्यम से पानी निकालें और क्षतिग्रस्त कुंडियों की मरम्मत प्राथमिकता से कराएं। कार्यों की सतत निगरानी हो और समय-सीमा में कार्य पूर्ण हों। नागरिकों की सुविधा व सुरक्षा से जुड़े कार्यों में लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

अन्य विकास कार्यों पर चर्चा

बैठक में मुख्यमंत्री शहरी अधोसंरचना विकास योजना (चतुर्थ चरण) के तहत चल रहे कार्यों की प्रगति और समयावधि बढ़ाने के प्रस्तावों पर भी विचार हुआ। शहनवाज चौराहा से बस स्टैंड तक सड़क के दोनों ओर सीसी पेवमेंट एवं विभिन्न स्थानों पर पुलिया निर्माण की जानकारी दी गई। लोक निर्माण विभाग के तहत चौराहों के समीप सड़क व अन्य निर्माण कार्यों के लिए लगभग 64.09 लाख रुपये के प्राक्कलन का प्रस्ताव भी रखा गया। महापौर ने कहा कि निगम का उद्देश्य हर क्षेत्र में विकास कार्यों को आगे बढ़ाना और नागरिकों को बेहतर सड़कें, सुव्यवस्थित बाजार व आधुनिक सुविधाएं देना है। सभी अधिकारियों को गुणवत्ता के साथ समय पर कार्य पूर्ण कराने के निर्देश दिए गए हैं। बैठक में पूर्व महापौर अतुल पटेल, टकउ सदस्य संभाजी सगरे, धनराज महाजन, संध्या शिवहरे, अमरीन अशरफी, अनिल विस्पते, महेंद्र इंगले, नितेश दलाल, भारत इंगले, आयुक्त संदीप श्रीवास्तव सहित अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित रहे।

पुनः क्रेशर शुरू करने की आशंका से वन्यजीव-प्रेमी चिंतित

संवेदनशील-वनक्षेत्र में मोबाइल-क्रेशर बंद, वन्यजीवों को मिली राहत

हरिभूमि न्यूज ⏭ झिरन्या



सीमावर्ती यावल अभयारण्य पाल और सतपुड़ा पर्वत श्रृंखला से जुड़े संवेदनशील वन्यजीव कॉरिडोर में मोबाइल-क्रशर बंद है,जिससे ध्वनि एवं वायु प्रदूषण थम गया है। फलस्वरूप इको-सेंसिटिव झोन के समीप आवासरत और विचरण करने वाले वन्य-प्राणियों को राहत मिल सकी है। लेकिन एक बार फिर क्रेशर शुरू करने की आशंका ने वन्यजीव-प्रेमियों की चिंता बढ़ा दी है। खरगोन वन मंडल के रेंज तितरान्या अंतर्गत सब रेंज गाड़गियाआम (कक्ष क्र. आरएफ-854) के घाट सेक्शन और सघन वनक्षेत्र में क्रेशर रखी गई है। जिसमें राष्ट्रीय पक्षी मोर सहित बाघ, तेंदुए, शेही, सूअर सहित कई वन्यजीवों का आवास है,जिसमें वे विचरण करते हैं। जिसमें क्रेशर मशीन के संचालन से वन्यजीवों के प्राकृतिक आवागमन और शांत पर्यावास पर प्रतिकूल असर होगा। आदिवासी बहुल वनक्षेत्र में पेसा-एक्ट प्रभावशील है और सरपंच गणपत चौहान ने भी कड़ी आपत्ति जताई है। खरगोन डीएफओ रमेशचंद्र राठौर के अनुसार मोबाइल क्रेशर को वन विभाग ने अनुमति जारी की है, जिसे लेकर सवाल उठ रहें हैं।

ऑन-लाइन प्रक्रिया की है

परियोजना-प्रबंधक जावेद राजा ने बताया कि वायु एवं प्रदूषण-बोर्ड की स्वीकृति के लिए ऑन-लाइन प्रक्रिया पूर्ण कर दी है। जबकि मध्यप्रदेश प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड, इंदौर के क्षेत्रीय अधिकारी सतीश कुमार चौकसे ने प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड की अनुमति-प्रक्रिया की जानकारी दी है और कहा कि वन विभाग की अनुमति के बाद बोर्ड अनुमति जारी करता है। बहरहाल,इस सम्पूर्ण मामले में अनुमति को लेकर सवाल उठ रहें हैं।

ताजा जानकारी नहीं

इस मामले में प्रदूषण बोर्ड, इंदौर के क्षेत्रीय अधिकारी सतीश कुमार चौकसे और सबरेंज गाड़गियाआम के डिप्टी रेंजर विरेन्द्रसिंह गोहिया दूरभाष पर संपर्क करने पर चर्चा नहीं हो सकी है। जबकि रेंजर तितरान्या हरेसिंह सिसौदिया ने बताया कि उन्होंने अभी हाल ही में पदभार ग्रहण किया है और फिलहाल उन्हें इस मामले में कोई जानकारी नहीं है।

इनका कहना है...

वन्य-प्राणियों का स्वछंद-जनजीवन प्रभावित नहीं हो, अतः निर्माण-एजेंसी को दामखेड़ा कैंप में मोबाइल-क्रेशर का संचालन करना चाहिए।
झूमा सोलंकी, विधायक,भीकनगांव

वन्यजीवों के संरक्षण और वनों के विकास के लिए मुख्यमंत्री ने वर्ष 2031 तक रू.17.240 करोड़ व्यय करने हेतु मंगलवार को कैबिनेट में मंजूरी दी है। इसलिए सरकार की मंशा के विपरीत कोई कार्य नहीं होना चाहिए।
सुधीर यादव, पूर्व सांसद प्रतिनिधि,झिरन्या

झुमकी हेलापड़ावा घाट का निरीक्षण किया

हरिभूमि न्यूज ⏭ झिरन्या



चित्तौडगढ़-भुसावल मार्ग(347सी) के झुमकी (हेलापड़ावा) घाट पर दुर्घटनाओं पर नियंत्रण के लिए प्रशासनिक-पहल शुरू हो गई है। इस श्रृंखला में मंगलवार को एसडीएम भीकनगांव लोकेश छापरे ने उक्त दुर्गम-घाट का निरीक्षण किया। थाना प्रभारी गणपत कनेल भी उपस्थित थे। वे मंगलवार को राजमार्ग में मुआवजे को लेकर ली गई समीक्षा-बैठक के बाद झुमकी घाट पहुंचे थे। उन्होंने थाना प्रभारी कनेल से दुर्घटनाओं के कारणों और सुझाओं को लेकर विस्तार से चर्चा की है। उन्होंने एसडीएम को बताया कि यहां पूर्व में दुर्घटनाएं होती रही है,लेकिन उनके पदभार के कुछ महीनों में उक्त स्थान पर कोई दुर्घटना नहीं हुई है। इस दौरान एसडीएम छापरे ने दुर्घटना वाले स्थानों और खतरनाक अंधे मोड़ों पर कई खामियां देखी। जिसके अनुसार राजमार्ग की अधिक ढलान, क्षतिग्रस्त सड़क और दोनों ओर फैली झाड़ियों को लेकर चिंता प्रकट की। ज्ञातव्य रहे कि बारिश में और बाद में झाड़ियों की कटिंग और साफ-सफाई नहीं होने से आवागमन बाधित होता है और चालकों को आमने-सामने वाहन दिखाई नहीं देते हैं। अचानक ब्रेक लगाते हैं तो उनके फ़ैल होने से वाहन अनियंत्रित होकर दुर्घटनाग्रस्त हो जाते हैं। लोक निर्माण विभाग (राष्ट्रीय राजमार्ग) खरगोन के एसडीओ अविनाश सोनी ने बताया कि प्रशासन के निर्देश प्राप्त होने पर समुचित कार्रवाई की जावेगी। उन्होंने बताया कि राजमार्ग का निर्माण जारी है और हेलापड़ावा घाट सेक्शन सहित अन्य कई मोड़ सीधे होंगे।

इस अभियान की मुख्य विशेषता पर्यावरणीय न्याय के लिए प्रस्तुत की गई नौ प्रमुख वैश्विक नीतिगत मांगें हैं

यमुनोत्री से दिल्ली तक निकाला मार्च फॉर द डाइंग अर्थ, संयुक्त राष्ट्र में सौंपा वैश्विक पर्यावरणीय ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम



पर्यावरणीय न्याय और पृथ्वी के भविष्य को लेकर अप्रतिम राणे ने मार्च फॉर द डाइंग अर्थः वॉक टू कीप आवर प्लैनेट लाइव अभियान के तहत यमुनोत्री से दिल्ली तक लगभग 500 किलोमीटर की यात्रा पूरी की। इस दौरान उन्होंने लगभग 125 किलोमीटर पैदल यात्रा की। 30 अक्टूबर 2026 को दिल्ली स्थित संयुक्त राष्ट्र कार्यालय में यमेमोरेंडम ऑन ग्लोबल इकोलॉजिकल क्राइसिस एंड क्लाइमेट जस्टि शीर्षक से अपना ज्ञापन सौंपा और उसकी प्राप्ति रसीद भी प्राप्त की। इस अभियान की मुख्य विशेषता पर्यावरणीय न्याय के लिए प्रस्तुत की गई नौ प्रमुख वैश्विक नीतिगत माँगें हैं। इनका उद्देश्य केवल प्रदूषण की समस्या उठाना नहीं, बल्कि नदियों, जंगलों, पेड़ों, स्वच्छ ऊर्जा, पर्यावरण शिक्षा और प्रकृति के अधिकारों की रक्षा के लिए ठोस नीतिगत व्यवस्था की माँग करना है। अभियान के दौरान यमुना की स्थिति को पृथ्वी के भविष्य का प्रतीक बताते हुए अप्रतिम राणे ने कहा कि यमुनोत्री में स्वच्छ और जीवनदायिनी दिखाई देने वाली नदी दिल्ली पहुँचते-पहुँचते मानवीय गतिविधियों के कारण गंभीर रूप से प्रदूषित हो जाती है। यही स्थिति पृथ्वी के साथ भी दोहराई जा रही है। मानवता को प्रकृति से जीवनदायी पृथ्वी मिली, लेकिन अपने ही कार्यों से वह उसके जीवन-आधार को नष्ट कर रही है।

ज्ञापन में रखी गई नौ प्रमुख मांगें इस प्रकार हैं

- प्लास्टिक अपशिष्ट एवं पैकेजिंग का दोहरा उन्मूलनः भारत में 100 तक, यूरो आधारित बाजारों में 5 तक और अमेरिकी डॉलर आधारित बाजारों में $5 तक खुदरा मूल्य वाले उत्पादों की प्लास्टिक पैकेजिंग पर तत्काल पूर्ण प्रतिबंध। पेय बोतलों के लिए अनिवार्य जमा-वापसी प्रणाली (डीआरएस) तथा प्लास्टिक आधारित एकल-उपयोग कटलरी और खाद्य कंटेनरों का वैश्विक उन्मूलन।
- नदियों को जीवित दर्जाः सभी नदियों के अस्तित्व, प्राकृतिक प्रवाह और पारिस्थितिक संतुलन के अधिकारों को मान्यता देते हुए उन्हें पूर्ण कानूनी व्यक्तित्व प्रदान करना, ताकि उनका संरक्षण, पुनर्जीवन और कानूनी सुरक्षा सुनिश्चित हो सके।
- वनों में अवैध व्यावसायिक अतिक्रमण पर कार्रवाईः वनों में अवैध व्यावसायिक अतिक्रमण रोकना तथा पारंपरिक वनवासियों और स्थानीय वन समुदायों के पारंपरिक अधिकारों की पूर्ण सुरक्षा सुनिश्चित करना।
- निर्माण कार्य के लिए पेड़ों की कटाई केवल अनिवार्य स्थिति में: आवासीय क्षेत्रों में निर्माण के लिए पेड़ों की कटाई केवल अत्यंत आवश्यक स्थिति में ही की जाए। ऐसी परिस्थितियों में वैज्ञानिक तरीके से पेड़ों का स्थानांतरण प्राथमिक विकल्प हो।
- अंतरराष्ट्रीय प्रकृति अधिकार आयोग की स्थापनाः मानवाधिकार आयोग की तर्ज पर एक स्वतंत्र अंतरराष्ट्रीय प्रकृति अधिकार आयोग बनाया जाए, जो प्रकृति के अधिकारों की रक्षा करे और प्रकृति के विनाश (इकोसाइड) के लिए प्रभावी अंतरराष्ट्रीय कानूनी ढाँचा तैयार करे।
- सौर ऊर्जा तक समावेशी पहुँच और 50 प्रतिशत पूँजीगत सब्सिडीः स्वच्छ, सस्ती और सभी के लिए सुलभ नवीकरणीय ऊर्जा व्यवस्था को बढ़ावा देने के लिए सौर ऊर्जा प्रणालियों की स्थापना पर कम से कम 50 प्रतिशत पूँजीगत सब्सिडी दी जाए।
- सार्वजनिक स्थानों और जुलूसों में तेज आवाज वाले व्यावसायिक डीजे पर कड़ा प्रतिबंधः ध्वनि प्रदूषण नियंत्रित करने के लिए सार्वजनिक स्थानों और जुलूसों में तेज आवाज वाले व्यावसायिक डीजे सिस्टम पर कड़ा कानूनी प्रतिबंध लगाया जाए, ताकि लोगों के स्वास्थ्य और पर्यावरण की रक्षा हो सके।
- कक्षा 1 से 12 तक अनिवार्य व्यावहारिक एवं प्रयोग-आधारित पर्यावरण शिक्षाः जलवायु परिवर्तन, ग्लोबल वार्मिंग और पर्यावरण संरक्षण को कक्षा 1 से 12 तक अनिवार्य शिक्षा का हिस्सा बनाया जाए। इसमें व्यावहारिक और प्रयोग-आधारित शिक्षा के माध्यम से विद्यार्थियों को प्रकृति से जोड़कर जिम्मेदार नागरिक बनाया जाए।
- वास्तविक प्रदूषण स्तर और प्रशासनिक कार्रवाई की पारदर्शी सार्वजनिक डिजिटल डिस्प्ले प्रणालीः शहरों के प्रमुख सार्वजनिक स्थानों और औद्योगिक क्षेत्रों में डिजिटल डिस्प्ले लगाए जाएँ, जिन पर वास्तविक समय के प्रदूषण स्तर और प्रशासनिक कार्रवाई की जानकारी सार्वजनिक रूप से प्रदर्शित की जाए।
- यात्रा के दौरान यमुना के साथ-साथ ऋषिकेश और हरिद्वार में गंगा की स्थिति तथा प्लास्टिक कचरे, नदी प्रदूषण और प्रकृति पर मानवीय गतिविधियों के प्रभावों का भी अवलोकन किया गया। इससे पहले अप्रतिम राणे नर्मदा परिक्रमा भी कर चुके हैं। यात्रा के दौरान उत्तराखंड के राज्यपाल श्री ढाल सिंह बिसेन से भी मुलाकात हुई। इस अवसर पर पर्यावरणीय संकट, जलवायु परिवर्तन और अभियान के उद्देश्यों को लेकर चर्चा की गई। पुस्तक एंड द अर्थ वॉन भी भेंट की गई। यह पुस्तक जलवायु परिवर्तन, पर्यावरण विनाश और मानव सभ्यता के भविष्य पर आधारित है। अभियान का संदेश है कि पर्यावरणीय संकट को केवल भविष्य की समस्या मानकर टाला नहीं जा सकता। पृथ्वी और उसकी जीवनदायी प्राकृतिक प्रणालियों की रक्षा के लिए आज ही ठोस नीतिगत और सामूहिक कदम उठाने होंगे।